दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक : 164 | जयपुर | 23 जनवरी 2023 | सोमवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04

जनप्रहरी आईना...




## चीनी न्यू ईयर फेस्टिवल में गोलीबारी,10 की मौत



नई दिल्ली. अमेरिका के लॉस एंजिलिस के कैलिफोर्निया के मोंटेरे पार्क में चीनी न्यू ईयर फेस्टिवल कार्यक्रम में शनिवार देर रात अंधाधुंध गोलीबारी में करीब 16 लोगों को गोली लगने की सूचना है। जिनमें से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोंटेरे पार्क, लॉस एंजिल्स काउंटी का एक शहर है। यह लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन से लगभग 7 मील (11 किमी) दूर है। मोंटेरे पार्क में बड़ी संख्या में एशियाई आबादी रहती है। इस शहर की आबादी 60,000 के करीब है। एलए टाइम्स ने कहा कि रात 10 बजे यहां पर अंधाधुंध फायरिंग हुई। गोलीबारी स्थानीय समयानुसार रात 10 बजे (0600 ऋट्ळ) के आस-पास हुई। मोंटेरी पार्क में चीनी चंद्र नववर्ष समारोह का कार्यक्रम हो रहा था। उसी वक्त एक शख्स ने समारोह में अंधाधुंध फायरिंग कर दी। लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग के सार्जेंट बॉब बोस ने बताया कि यह गोलीबारी मोंटेरे पार्क के गारवे एवेन्यू में हुई। एक व्यक्ति ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। कार्यक्रम स्थल के करीब स्थित एक रेस्त्रां मालिक सेउंग वोन चोई ने बताया कि, तीन लोग उनके रेस्त्रां में आ गए और उन्हें दरवाजा बंद करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि, मशीनगन लिए हुए एक शूटर के पास कई राउंड की गोलियां मौजूद थी।

## हरमाड़ा में 43.48 करोड़ रूपए की जल संवर्धन योजना का शिलान्यास

जयपुर। जयपुर शहर के हरमाड़ा एवं बढारणा क्षेत्र को पर्याप्त दबाव से बीसलपुर का पानी उपलब्ध कराने के लिए शहरी जल संवर्धन योजना का शिलान्यास रविवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने हरमाड़ा स्थित मनसा माता मंदिर क्षेत्र में किया। इसके तहत 1500 किलो लीटर एवं 700 किलो लीटर क्षमता के दो उच्च जलाशय एवं 1800 किलो लीटर व 1400 किलोलीटर क्षमता के दो स्वच्छ जलाशयों के निर्माण के साथ ही 143 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन डाली जाएगी। जलदाय मंत्री ने इसके बाद हवामहल विधानसभा क्षेत्र की भट्टा बस्ती में पर्याप्त दबाव से पेयजल आपूर्ति के लिए बन रहे 2 हजार किलो लीटर क्षमता के उच्च जलाशय एवं 10.6 किलोमीटर डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का भी शिलान्यास किया। इन कार्यों की लागत 8 करोड़ 17 लाख रूपए है। उल्लेखनीय है कि हरमाड़ा-बढारणा को बीसलपुर से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शहरी जल संवर्धन योजना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा में शामिल है। इसी के तहत जलदाय मंत्री ने रविवार को विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें रोड नम्बर 13 पर रीको परिसर में 1500 किलो लीटर एवं बढारणा स्थित मोक्षधाम में 700 किलो लीटर क्षमता के उच्च जलाशय बनाए जाएंगे। साथ ही, मनसा माता मंदिर क्षेत्र, हरमाडा में 1800 किलो लीटर तथा रीको परिसर में 1400 किलो लीटर क्षमता के स्वच्छ जलाशय बनाए जाएंगे। इस शहरी जल संवर्धन योजना में 143 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन भी डाली जाएगी जिसमें 30 किलोमीटर डीआई तथा 113 किलोमीटर एचडीपीई पाइप लाइन शामिल है।

## पन्द्रहवीं विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार से

जयपुर। पन्?द्रहवीं राजस्?थान विधानसभा का अष्?टम सत्र सोमवार 23 जनवरी से शुरू होगा। सत्र की तैयारियों की जानकारी विधानसभा अध्?यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा से ली। अध्?यक्ष डॉ. जोशी ने सत्र से सम्?बन्धित आवश्?यक निर्देश अधिकारियों को दिये। सोमवार 23 जनवरी को प्रातः11ः00 बजे राज्?यपाल कलराज मिश्र अभिभाषण देने के लिए विधानसभा पहुँचेंगे। विधानसभा में विधानसभा अध्?यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्?यमंत्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री शान्ति धारीवाल और विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा राज्?यपाल मिश्र का स्?वागत करेंगे। राज्?यपाल को विधानसभा में आर.ए.सी. बटालियन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। राज्?यपाल को सदन में प्रोशेसन के साथ ले जाया जायेगा।

# प्रधानमंत्री बनने पर राहुल गांधी शिक्षा प्रणाली को बदल देंगे...

### शादी की योजना से लेकर खाने की पसंद तक राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया खुलासा



नई दिल्ली. राहुल गांधी ने शादी की योजना से लेकर खाने की पसंद और अपनी पहली नौकरी से लेकर भारतीय संस्कृति सहित कई सवालों पर खुलकर बात रखी। यह बताया कि अगर वे प्रधानमंत्री बनते हैं तो देश के लिए क्या करना चाहेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा के तहत कन्याकुमारी से चलते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंच चुके हैं। इस दौरान उन्होंने एक खास इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने हर छोटे-मोटे पहलुओं पर बात की और अपने निजी अनुभवों और आदतों के बारे में सवालों का जवाब देते हुए बताया। राहुल गांधी से सवाल किया गया कि उन्हें खाने में क्या पसंद है, जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो भी मिल जाता है खा लेता हूं। हालांकि कटहल और मटर पसंद नहीं है। जब मैं घर पर होता हूं तो खाने पीने को लेकर सख्त हो जाता हूं, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ऐसा कुछ भी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मैं कश्मीरी पंडित के घर में पैदा हुआ जो इलाहाबाद आ गए थे। पापा के पिताजी पारसी थे।

राहुल गांधी से पूछा गया कि आप 8 से 10 आइसक्रीम खा सकते हैं, जिसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि 1 कभी 2 हो जाती है। राहुल गांधी ने खुलासा किया कि दादी कि मौत के बाद स्कूल जाने से मना कर दिया गया था। हालांकि उन्होंने बताया कि बोर्डिंग स्कूल जीवन को कुछ शिक्षक जो बहुत अच्छे थे। राहुल गांधी ने बताया कि उन्हें पहली नौकरी लंदन में मिली और और उसमें 25000 से लेकर 3000 पाउंट सैलरी मिली। उन्होंने बताया कि यह नौकरी उन्हें 24 से 25 साल की उम्र में मिली थी।

### कब करेंगे राहुल गांधी शादी

राहुल गांधी से सवाल किया गया कि वे शादी कब करेंगे, जिसका जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब कोई सही लड़की मिलेगी तो शादी कर लूंगा। एक ही शर्त है कि लड़की इंटेलिजेंट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता की शादी बहुत ही शानदार रही थी, इसलिए शादी के बारे में उनके ख्याल बहुत ऊंचे हैं। वे भी ऐसा ही किसी जीवनसाथी चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री बनने पर देश के लिए क्या करेंगे

इस सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा प्रणाली को बदल दूंगा। मैं उत्पादन करने वाले लोगों की मदद करूंगा.जिनके छोटे बिजनेस हो सकते हैं.जो संघर्ष कर रहे होंगे और मैं उन्हें उन बिजनेसों को बढ़ाने और उन्हें बड़ा बनाने में मदद करूंगा। मुझे लगता है कि भारत को बहुत से छोटे बिजनेसों को बड़े बिजनेसों में बदलने की आवश्यकता है क्योंकि हम जिस वास्तविक समस्या का सामना कर रहे हैं वह बेरोजगारी है। इसके साथ मैं उन लोगों की रक्षा करूंगा जो कठिन समय से गुजर रहे हैं। किसान, मजदूर, नौजवान जो बेरोजगार हैं। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें लगे कि उन्हें इस देश में सुरक्षा प्राप्त है। राहुल गांधी ने बताया कि ज्यादा गुस्सा आने पर वे एकदम चुप हो जाते हैं या फिर कहते हैं कि 'डोंट डू डैट'। इसके साथ ही उन्होंने अपनी मां के साथ गुस्से के दौरान बातचीत के बारे में बताया। कांग्रेस ने इस इंटरव्यू को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया है। यूट्यूब में राहुल गांधी के नाम से बने वेरीफाइड चैनल में इस इंटरव्यू को अपलोड किया गया है, जो अभी 11वें नंबर पर टेंड्र कर रहा है।

# बिजली रीडिंग ठेके पर, अजमेर डिस्कॉम को चुकाने होंगे 11 करोड़ रुपये

### अजमेर डिस्कॉम ने इंजीनियर्स से बिजली रीडिंग का ठेका निजी फर्म को दिया, पर्याप्त स्टाफ होने के बाद भी निजी फर्म को ठेका देना संदेह के दायरे में, एक निर्णय से 11 करोड़ का नुकसान

अजमेर. अजमेर डिस्कॉम मैनेजमेन्ट के एक निर्णय से डिस्कॉम को करीब 11 करोड़ का नुकसान झेलना पड़ेगा। अब तक इंडस्ट्री में मीटर रीडिंग का काम बिना कोई एक्सट्रा राशि खर्च किए इंजीनियर्स कर रहे थे, उसके लिए ठेका दे दिया गया है। यह ठेका भी कुछ दिनों के लिए नहीं बल्कि तीन साल के लिए दिया। ऐसे में यह राशि अब डिस्कॉम के लिए अतिरिक्त भार साबित होगी। मंथली मीटर रिडिंग व लोड सर्वे के लिए 108 रुपए हर माह प्रति मीटर व एनालाइसिस मीटर रिडिंग व लोड सर्वे के लिए 17 रुपए हर माह प्रति मीटर देना तय किया है। इसके लिए 24 हजार 28 मीटर है। मंथली मीटर रिडिंग व लोड सर्वे के लिए 9 करोड़ 34 लाख 20 हजार 864 रुपए तथा एनालाइसिस मीटर रिडिंग व लोड सर्वे के लिए 1 करोड़ 47 लाख 5 हजार 136 रुपए का भुगतान दिया जाएगा। इस प्रकार 24 हजार 28 मीटर के लिए तीन साल में कुल 10 करोड़ 81 लाख 26 हजार रुपए खर्च होंगे। डिस्कॉम की ओर से इंडस्ट्री में मीटर रीडिंग का कार्य अब तक मीटर इंजीनियर्स ही करते रहे हैं। एमआईपी के लिए एईएन व एलआईपी के लिए मीटर रीडिंग का काम एक्सईएन कर रहे थे। इसके लिए डिस्कॉम के पास पर्याप्त इंजीनियर्स भी है। उसके बावजूद इस काम के लिए ठेका दिया गया है। अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता (एम एंड पी) वी.के.



अग्रवाल की ओर से 6 जनवरी को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। ठेका इन्वेटिंव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड आगरा को दिया गया है। इसमें मंथली मीटर रिडिंग व लोड सर्वे के साथ एनालाइसिस मीटर रिडिंग व लोड सर्वे का काम दिया गया है। अजमेर डिस्कॉम की ओर से निविदा 12 अक्टूबर 2022 को जारी की गई। टेक्नो कामर्शियल बिड 17 नवम्बर 2022 तथा फाइनेंशल बिड 20 नवम्बर 2022 को खोली गई। नेगोशियसन के लिए कार्पोरेट लेवल परचेज कमेटी (सीएलपीसी) में 3 जनवरी 2022 को रखा गया। डिस्कॉम में चर्चा है कि एक तरफ डिस्कॉम पैसे बचाने के दावे करता है और अब जो काम बिना पैसे खर्च किए हो रहा था, उसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए। इसके काम के वर्क ऑर्डर अधीक्षण अभियंता स्तर से जारी हुए है लेकिन ठेका देकर करोड़ों खर्च करने का निर्णय उच्च स्तर पर लिया गया है। जानकारों का मानना है कि डिस्कॉम में भी यह भी चर्चा है कि मीटर रीडिंग का काम इंजीनियर्स करते थे तो मॉनीटरिंग प्रोपर होती थी और चोरियां भी पकड़ी जाती थी, जिससे डिस्कॉम को जुमार्ने के रूप में करोड़ों की आय भी होती थी। ठेकेदार के कार्मिक की ओर से यह कार्य किए जाने व प्रोपर मोनिटरिंग के अभाव में चोरियां पकड़ना भी मुश्किल होगा।

### सुप्रीम कोर्ट में अब फैसलों की कॉपी हिंदी सहित कई अन्य भाषाओं में दी जाएगी

# सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी हिंदी में मिलेगी:सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली. देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट में अब फैसलों की कॉपी हिंदी सहित कई अन्य भाषाओं में दी जाएंगे। जिसके बारे में खुद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ऐलान किया। मुंबई में काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा के कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश का अदालती सिस्टम लोगों के लिए बनाया गया है, जो लोगों के ऊपर नहीं हो सकता है। उन्होंने कोर्ट से जुड़ी जनकारियां मिलने में आने वाली परेशानियां दूर करने के लिए टेक्नोलॉजी के यूज पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपियां अब जल्दी ही हिंदी सहित देश की अन्य भाषाओं में मुहैया कराई जाएगी, जिसके बाद लोगों को अपनी भाषा में अदालतों के फैसलों के बारे में जानकारी मिल पाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा वकील थे.सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें सिस्टम में जो कुछ भी गलत है, उसे ढंकने की जरूरत नहीं है। हमें सामने लाने की कोशिश करनी चाहिए और इसकी मरम्मत करनी चाहिए। मैं आपके लिए कामना करूंगा कि आप ऊंची उड़ान भरें अपने सपनों को साकार करें ।सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट में सोशल गैदरिंग पर जोर देते हुए कहा कि युवा व नए वकीलों को जितना ज्यादा मौका दिया



जाएगा, वकालत का पेशा उतना ही अधिक समृद्ध होगा। हमें कुछ खास लोगों तक ही अवसर को सीमित नहीं रखना है। हाशिए पर पड़े समुदाय के वकीलों को मौका देना जरुरी है। मैं शीर्ष अदालत में रोज आधा घंटा युवा वकीलों को सुनता हूं, जिससे देश की नब्ज के बारे में पता चलता है। कोर्ट की कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग पर जोर देते हुए सीजेआई डीवाई ने कहा कि कानून में रुचि रखने वाले टीचर्स व स्टूडेंट्स लाइव-स्ट्रीमिंग के जरिए किसी भी केस को देख सकते हैं। जिससे किसी भी केस के बारे में आसानी से समझ पाएंगे और उस पर चर्चा कर पाएंगे।

## विधायक संयम लोढ़ा ने दिया राठौड़ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

### कांग्रेस विधायकों का इस्तीफा प्रकरण

जयपुर. निर्दलीय विधायक और मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढ़ा ने उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव सौंपा है। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से ठीक एक दिन पहले लोढ़ा की ओर से विधानसभा सचिव को यह प्रस्ताव पेश किया गया है। विधायक संयम लोढ़ा ने प्रस्ताव में कहा है कि उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस के 81 विधायकों के त्याग पत्र संबंधी मामले में 1 दिसंबर, 2022 को एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में दायर की है। उन्होंने बताया कि विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियम 173 (2) के तहत यदि कोई सदस्य त्यागपत्र अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से देता है और उसे सूचित करता है कि त्याग पत्र स्वेच्छया और वास्तविक है



और अध्यक्ष को उसके विपरीत कोई सूचना या ज्ञान नहीं है तो अध्यक्ष तुरंत त्याग पत्र स्वीकार कर सकते हैं। वहीं, भारत के संविधान के अनुच्छेद 190 (3) (ख) में कहा गया है कि ''यथास्थिति, अध्यक्ष या सभापति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपने स्थान का त्याग कर देता है और उसका त्याग पत्र यथास्थिति, अध्यक्ष या सभापति द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है तो ऐसा होने पर उसका स्थान रिक्त हो जाएगा।'' लोढ़ा ने प्रस्ताव में बताया कि अध्यक्ष के सामने विधायकों के त्याग पत्र संबंधी मामला विचाराधीन था। अध्यक्ष ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं दिया था। उसी दौरान उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दी। जो न केवल अध्यक्ष की अवमानना है, बल्कि विधानसभा के विशेषाधिकारों का हनन भी किया गया है। लोढ़ा ने बताया कि उन्होंने 24 जनवरी को सदन में इस मामले को उठाने के लिए प्रस्ताव दिया है।

## सम्पादकीय

## नाकारा तंत्र को सजा दिये बगैर नहीं रुकेंगी जोशीमठ जैसी त्रासदी

उत्तराखंड का जोशीमठ भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी भी लेकर आया है। वैसे मौसम संबंधी अत्यधनिक घटनाओं जैसे भारी वर्षा और बाढ़ ने भी जोशीमठ के धंसने में योगदान दिया है। जून 2013 और फरवरी 2021 की बाढ़ की घटनाओं से भी क्षेत्र में जमीन धंसने का खतरा बढ़ा है।उत्तराखंड के जोशीमठ में हजारों मकानों में दरारों की प्राकृतिक आपदा के लिए प्रकृति कम और शासन तंत्र ज्यादा जिम्मेदार है। प्रकृति से खिलवाड़ करने के प्रति आंखें मूंदें रखने वाले नाकारा तंत्र को यदि सजा का प्रावधान नहीं किया गया तो प्रकृति इसी तरह सजा देती रहेगी, जिसका खामियाजा आम लोग भुगतते रहेंगे। जोशीमठ में कुल 4,500 इमारतें हैं और इनमें से 610 में बड़ी दरारें आ गई हैं। जिससे वे रहने लायक नहीं रह गई हैं। वर्ष 2006 की एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में भी कहा गया था कि जोशीमठ प्रति वर्ष एक सेंटीमीटर धंस रहा है। उस वक्त यदि इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण और भूगर्भ संबंधी खतरों को टालने की कवायद के गंभीर प्रयास किए गए होते, तो शायद बबार्दी की यह नौबत नहीं आती।दरअसल, जोशीमठ में भू-धंसाव के पीछे अनियंत्रित निर्माण भी जिम्मेदार माना जा रहा है। बेतरतीब और अनियोजित निर्माण का जो दंश आज जोशीमठ झेल रहा है, उत्तराखंड में पहाड़ के हर छोटे-बड़े शहरों की कहानी कमोबेश जोशीमठ जैसी ही है। पर्यावरण और भूगर्भ विशेषज्ञ सालों पहले ही हिमालय क्षेत्र में बसे पहाड़ी राज्यों में भूकम्प सहित दूसरी तरह की प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी दे चुके हैं। इसके बावजूद वोटों की राजनीति के डर से राज्यों और केंद्र सरकार ने इसकी रोकथाम के उपाय करने के लिए कठोर कदम नहीं उठाए। इसकी कीमत पूर्व में हजारों लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है।उत्तराखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने वर्ष 2018 में एक अध्ययन करवाया था। इस अध्ययन के अनुसार इस राज्य में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन जोन के रूप में चिन्हित किए गए। एक संबंधित रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य में चल रही हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काट कर या फिर जंगलों को उजाड़ कर बन रही हैं और इसी कारण से भूस्खलन जोन की संख्या बढ़ रही है। अगस्त 2022 से उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जोशीमठ के धंसने में भूगर्भीय कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अत्यधिक मौसम की घटनाओं जैसे भारी वर्षा और बाढ़ ने भी जोशीमठ के धंसने में योगदान दिया है। जून 2013 और फरवरी 2021 की बाढ़ की घटनाओं से भी क्षेत्र में जमीन धंसने का खतरा बढ़ा है।गढ़वाल आयुक्त महेश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में एक पैनल ने 1978 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें कहा गया था कि शहर और नीती और माणा घाटियों में बड़े निर्माण कार्य नहीं किए जाने चाहिए क्योंकि ये क्षेत्र मोरेन पर स्थित हैं। मोरेन यानी चट्टानों, तलछट और चट्टानों का ढेर। जोशीमठ, हेम, अर्नोल्ड और अगस्त गैंसर की पुस्तक सेंट्रल हिमालय के अनुसार, भूस्खलन के मलबे पर बनाया गया है। 1971 में कुछ घरों ने दरारों की सूचना दी थी, जिससे एक रिपोर्ट मिली जिसमें कुछ उपायों की सिफारिश की गई थी। जिसमें मौजूदा पेड़ों के संरक्षण और अधिक पेड़ों के रोपण के साथ-साथ उन शिलाखंडों का संरक्षण भी शामिल है, जिन पर शहर बना है।

# अब मान भी लें, रिश्वत जुर्म नहीं...दस्तूर है !

सआदत हसन मंटो ने 1955 में कहानी लिखी थी...रिश्वत..। व्यवस्था पर तंज करती कहानी आज भी प्रासंगिक लगती है। रिश्वत नाम की ये कहानी पिता-पुत्र के बारे में है। पिता बहुत दौलतमंद था, लेकिन किसी ने उसे जुए की लत लगा दी। जुए की लत में पिता अपनी जमीन-जायदाद सब हार गया और एक दिन उसकी मौत हो गई। अब बेटा सड़क पर था, उसके पास कुछ नहीं बचा। जहां भी वह नौकरी के लिए जाता, रिश्वत की जरूरत पड़ती। एक दिन वह तंग आ गया। उसने एक लिफाफा खरीदा और खुदा के नाम एक खत लिखा। उसमें उसने खुदा को सौ रुपए की रिश्वत भेजी। चंद रोज बाद उसे एक खत मिला जो एक अखबार के एडीटर की तरफ से था। इसमें उसे नौकरी के लिए बुलावा था। वह गया और अखबार के दफ्तर में सौ रुपए माहवार की नौकरी मिल गई। उसे लगा कि रिश्वत काम कर गई..। अर्थात आज भी लोगों को लगता है कि रिश्वत काम करती है...घूस देंगे तो काम हो जाएगा। कोई एक महकमे की बात नहीं सभी दफ्तर रिश्वत के रोग से ग्रसित हैं। सिने अभिनेता देवानंद के भाई विजय आनंद की बात याद आती है। पोर्न फिल्मों को लेकर कहा था कि इन्हें जायज कर देना चाहिए...। इससे सरकार को अतिरिक्त रेवन्यू प्राप्त होगी जिसे विकास में लगाया जा सकता है। वैसे भी लोग चोरी-छिपे पोर्न फिल्में देखते ही हैं...सरकार को चाहिए कि इन फिल्मों को सिनेमा हॉल में प्रदर्शित करने की इजाजत दे....टैक्स के रुप में अतिरिक्त पैसा आएगा। सरकार चाहे तो बंदिश लगा सकती है कि 18 साल से कम उम्र के लोगों को प्रवेश ना दिया जाए....। विजय आनंद का सुझाव तो काम नहीं आया.. किरकिरी जरूर हुई। तथाकथित मठाधीशों ने इसे समाज को दूषित करने वाला मशविरा करार दे दिया। अब इंटरनेट का जमाना है...सब कुछ सहज उपलब्ध है...क्या कोई वर्ग बचा होगा जो पोर्न ना देखता हो...किंतु तब विजय आनंद को जमकर कोसा गया। वे तो कानूनी जामे में सख्त नियमों के तहत प्रदर्शन की बात कर रहे थे.....यहां तो सब खुलेआम है। इसी तरह रिश्वत को दस्तूर घोषित कर देना चाहिए....इसे अपराध नहीं मानकर रवायत डिक्लेयर कर देना चाहिए, क्योंकि कहीं भी कोई भी काम बिना पैसों के नहीं होता...यह कहीं रिश्वत बतौर लिया-दिया जा रहा है...कहीं दलाली के नाम पर सौदेबाजी हो रही है...कहीं तोहफे की शक्ल में लेन-देन हो रहा है यानि रिश्वत ऐसा



कलियुगी रावण है जिसके कई सिर हैं। आप एक दिव्या को पकड़ेंगे दूसरी कोई दिव्या खड़ी हो जाएगी...बिना रिश्वत काम नहीं होगा, यह तय है। हो भी कैसे....पालने से कुर्सी तक सफर में हम कई बार संतान को रिश्वत का अभ्यास कराते हैं। बेटा दसवीं में नब्बे प्रतिशत नंबर लाओगे तो घड़ी मिलेगी....बेटा कंपीटिशन में निकल जाओगे तो कार मिलेगी। और जब यही बेटा अफसर या कर्मचारी बन जाता है तो कोई काम बिना लिए नहीं करता, क्योंकि उसकी आदत बन गई है....कोई भी काम लेकर आता है तो वह पूछता है, बदले में मुझे क्या मिलेगा....। रिश्वत की जड़ें गहरी हैं...इन्हें हर कदम पर पोषित किया जाता है....किया जा रहा है। रोज सैंकडों अधिकारी-कर्मचारी पकडे जाते हैं...फिर बहाल होकर आ जाते हैं। कुए में भांग घुली है, आज ही खबर छपी है। एसीबी केस में फंसे पटवारियों को कलक्टर ने हटाया तो रेवेन्यू बोर्ड ने उन्हें प्राईम पोस्टों पर लगा दिया। दागियों के साथ व्यवहार बताता है कि हर कोई लक्ष्मी का दीवाना है...अथाह दौलत चाहिए, फिर चाहे ये कैसे ही आए। शतरंज के इस खेल में बड़े-बड़े महारथी शामिल हैं। इस बीच कोई दिव्या हत्थे चढ़ जाती है तो हॉयतौबा मचाई जाती है...गोया बाकी सब दूध के धुलों हों...। खुद दिव्या इन्हें बेनकाब करती है...जब यह कहती है कि पैसा ऊपर तक पहुंचाना पड़ता है। जाहिर है ऊपर का मतलब आला अधिकारी और निशाना सत्ता तक जाता है। यहां कोई सत्यनारायण नहीं...दिन में बीस चेहरे बदलते हैं। कोई विभिषण कभी किसी रावण का भेद खोल देता है तो एसीबी उसे उठा लेती है, वरना तो रिश्वत बरसों से चली आ रही है...अब तो यह सब परंपरा में आ गया है। एक आम आदमी भी काम नहीं होने पर ऐसे दलालों को तलाशता है जो पैसे लेकर उसका काम करा दे..। जब रिश्वत नासूर बन गया है तो क्यों ना इसे दस्तूर मान अलग से महकमा खोल दिया जाए....और इस महकमे में तमाम करप्टों को खपा दिया जाए। जीएसटी की तरह कुछ प्रतिशत टेक्स भी लगाया जा सकता है। आरक्षण की तर्ज पर पायदान तय किए जा सकते हैं...मसलन, गरीबों से जुड़े काम सीधे सरकारी महकमे से जोड़ दिए जाएं और कमाई वाले काम छंटे हुए विभाग के जिम्मे कर दिए जाएं। यकीं मानिए, सरकार की रेवेन्यू बहुत बढ़ जाएगी...अफसरान भी खुश रहेंगे...बावजूद इसके रिश्वत लेना बंद हो जाएगा, इसकी गारंटी हम भी नहीं देते...कोई देगा भी नहीं। ख्याल आया तो रायचंदों की तर्ज पर तजवीज कर दिया....मानना ना मानना सरकार का काम..।

## उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के कमरौली पुलिस व स्वाट टीम अमेठी द्वारा चोरी के 105 लीटर डीजल, 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**




उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.01.2023 को उ0नि0 कर्मवीर सिंह थाना कमरौली मय हमराही तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रोड नं0 04 कस्बा कमरौली में मौजूद थे कि वहीं पर कुछ देर बाद स्वाट टीम जनपद अमेठी के का0 अवनीश कुमार मय हमराह का0 कपिल सिंह वहीं पर आ गये । पुलिस टीम द्वारा अपराध नियंत्रण के बारे में बात चल रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक बोलेरो संख्या यूपी 44 आर 1908 पर दो संदिग्ध व्यक्ति श्री स्टार ढ़ाबा के पास खड़े है । उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये गये स्थान श्री स्टार ढ़ाबा के पास पहुंचकर उक्त बोलेरो सवार को घेर कर हिकमत अमली से पकड़ लिया गया । बोलेरो संख्या यूपी 44 आर 1908 के कागज मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में एक ने अपना नाम मुसीबत अली पुत्र मो0 शरीफ, व दूसरे ने अपना नाम मो0 सैफ उर्फ आजाद पुत्र मुसीबत अली निवासीगण खड़सा थाना बंधुआकला जनपद सुल्तानपुर बताया । अभियुक्त मुसीबत अली के तलाशी कब्जे से 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ तथा बोलेरो की तलाशी के 05 पीपियों में कुल 105 लीटर डीजल, 02 अदद प्लास्टिक के डिब्बे, 01 मग, 01 अदद पाइप बरामद हुआ । बरामद डीजल के बारे में पूछने पर दोनो ने बताया कि हम लोग सड़क के किनारे खड़े ट्रक व अन्य वाहनो से डीजल चोरी करते हैं यदि किसी ने देख लिया और शोर मचाने लगा तो तमंचा दिखा कर उसे शोर मचाने से रोकते हैं । उपरोक्त दोनो अभियुक्तों को नियमानुसार समय करीब 20.35 बजे रात्रि में श्री स्टार ढ़ाबा के पास से गिरफ्तार किया गया एवं थाना कमरौली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## भैरव चालीसा का विधिवत विमोचन करते हुए श्रद्धालुओं को भैरव चालीसा का नि:शुल्क वितरण किया

**नसीराबाद - अजमेर ब्यूरो/राहुल कुमार वर्मा**



अजमेर जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर सर्द हवाओं और कोहरे के बीच रविवार को राजगढ़ धाम पर श्रद्धालुओ की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। धाम के उपासक चम्पालाल महाराज ने सर्वप्रथम मंदिर परिसर में बाबा भैरव व मां कालिका के साथ चक्की वाले बाबा तथा सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की पूजा अर्चना करके भैरव धाम की भैरव चालीसा का विधिवत विमोचन करते हुए श्रद्धालुओं में भैरव चालीसा का निःशुल्क वितरण प्रारम्भ किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज ने गुप्त नवरात्राओं के प्रारम्भ होने पर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी की खुशहाली का आशीर्वाद दिया साथ ही भिक्षावृत्ति को समाज का कलंक बताते हुए उससे मुक्त कराने का संकल्प दिलाया। महाराज ने कहा कि नशा विनाश का मूल कारण है व नशा ही समस्त बुराईयों की जड़ है नशे का त्याग करना चाहिए। इसी क्रम में धाम पर आए हजारों श्रद्धालुओं ने चम्पालाल महाराज की प्रेरणा स्वरूप अपने दोनों हाथ उठाकर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि शनिवार से धाम पर आए हुए श्रद्धालुओं को हाड कंपाने वाली ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए राजगढ़ मसाणिया भैरवधाम चैरिटेबुल ट्रस्ट के सौजन्य से रजाई-गद्दे का समुचित प्रबन्ध किया गया। श्रद्धालुओं को सर्द हवाओं से बचाव के लिए टेन्ट तथा शनिवार की पूरी रात निःशुल्क चाय की व्यवस्था की गई। धाम पर हजारों की भीड़ के चलते श्रद्धालुओ को अपनी बारी के लिये घण्टो तक इन्तजार करना पड़ा जिसके बाद सभी ने बाबा भैरव, माँ कालिका के दर्शन करते हुए सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ कर परिक्रमा कर चमत्कारी चिमटी प्राप्त करने के पश्चात मुख्य स्थान चक्की वाले बाबा के मंदिर पर राजा रानी कल्पवृक्ष के भी परिक्रमा की।

# केंद्रीय कारागार अलवर में आशाएं दा फिलिंग स्टेशन का शिलान्यास

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**



अलवर । कारागार विभाग की बन्दियों को रोजगार से जोडने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने की अभिनव पहल के तहत केंद्रीय कारागार परिसर में पेट्रोल पम्प ह्यआशाएं दा फिलिंग स्टेशनह्न का शिलान्यास पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं कारागार विभाग मंत्री जूली ने किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह एवं कारागार विभाग मंत्री जूली ने इस दौरान कहा कि कारागार विभाग की इस पहल से खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन व आचरण वाले बन्दियों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध होगा, जो उनके और उनके परिवार के लिए ससम्मान जीवन यापन करने के साथ, समाज की मुख्यधार से जुडने के लिए अहम कडी साबित होगा। इस पेट्रोल पम्प का संचालन बन्दियों द्वारा ही किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग कारागार मॉनिटरिंग समिति द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पम्प के शुरू होने पर शहरवासियों की सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जेल के बंदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। वहीं खुली जेल में रहने वाले कैदियों को इन नवाचारों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में जोडने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कारागार परिसर में पौधारोपण किया। केंद्रीय कारागार के अधीक्षक प्रदीप लखावत ने बताया कि कारागार विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. के सहयोग से केंद्रीय कारागार परिसर में ह्यआशाएंह्न संस्था द्वारा यह पेट्रोल पम्प संचालित होगा जिसमें खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन वाले कैदियों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा। प्रथम चरण में पेट्रोल और डीजल एवं द्वितीय चरण में सीएनजी भी यहां उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि करीब डेढ से दो माह में यह पेट्रोल पम्प प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पम्प के लिए चयनित भूमि पर से हटाए गए वृक्षों की जगह जेल परिसर में कई गुना अधिक वृक्ष लगाए गए हैं जिनकी देखरेख जेल के बन्दियों द्वारा की जाएगी। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, देवनारायण बोर्ड के सदस्य रामजीलाल लम्बू बैंसला, उमरैण प्रधान दौलत राम, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी व कारापाल सुमेर सिंह, मुकेश मीणा एवं उप कारापाल राजेश कुमार मीणा, जगदीश प्रसाद शर्मा,रुपेश वर्मा, सुषमा सैन व ओमप्रकाश गोलिया तथा केंद्रीय कारागार स्टाफ व बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### नव क्रमोन्नत राजकीय विद्यालय का किया उद्घाटन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने ग्राम नंगला रायसीस में नव क्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व निर्णय लेकर अंतिम छोर के व्यक्ति के बच्चों के लिए निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षा के द्वार खोले हैं। साथ ही राजकीय विद्यालयों की संख्या में इजाफा किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करते हुए राज्य सरकार ने बडी संख्या में शिक्षकों के पद भरे हैं। शिक्षकों की पदोन्नति की है एवं शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से आसपास के बच्चों को उच्च शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए सदैव सहयोग करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने किशनगढबास क्षेत्र के गांव घासोली में सूर्यवंश फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन भी किया।

# भारत जोड़ो के नाम पर नफरत फैला रहे कांग्रेसी:राजनाथ सिंह

सिंगरौली. देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नफरत फैला रहे हैं। इनके नेता भारत जोड़ो के नाम पर निकले हैं और नफरत फैलाने में लगे हैं। ये कहते हैं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं ये मोहब्बत के बारे में क्या जानें? राजनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली पहुंचे थे, जहां वे मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्र योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में सहायता राशि वितरण और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं भारत जोड़ो यात्रा कर रहे उन नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या हमारा भारत टूट रहा है? वो किस भारत को जोड़ने के लिए निकले हैं? भारत को टूटना था, वो 1947 में टूट चुका है। भारत माता के दो टुकड़े हो गए। उस समय के नेताओं का मैं दुख समझ सकता हूं। आज राहुल घूम-घूम कर कह रहे हैं कि भारत में नफरत बढ़ गई है। ये नफरत फैला कौन रहा है? इन नेताओं की वजह से दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि क्या मोदी जी लोगों में नफरत फैला रहे हैं? क्या शिवराज सिंह जी नफरत फैला रहे हैं? मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं बहनों-भाइयों क्या यह नेता लोगों के बीच में नफरत फैला रहे हैं? कहां उन्होंने नफरत फैलाई। सारी दुनिया में कांग्रेस के लोग भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्हें जवाब दिया जाना चाहिए। वे कहते हैं कि भारत में नफरत ही नफरत है। जिस भारत की तारीफ सारी दुनिया में है, भारत इकलौता देश है जो अपनी सीमाओं में रहने वालों को ही नहीं, बल्कि विश्व के देशों को अपना मानता है। वसुधैव कुटुंबकम का संदेश पूरी दुनिया को केवल और केवल आपके और हमारे देश भारत ने दिया है। उस भारत को बदनाम किया जा रहा है। कहते हैं भारत में नफरत ही नफरत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल जी आपको हो क्या गया है? नफरत पैदा करके आप सत्ता हासिल करना चाहते हैं, इससे सत्ता नहीं मिलती। सत्ता हासिल करना है तो जनता का विश्वास, उनकी मोहब्बत हासिल करना होगी, जैसे यहां मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह ने किया है। हमारे भारत में किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं, भारत में पैदा हुए सभी भाई-बहन हैं। भारत की आजादी के लिए सभी धर्मों के लोगों ने प्राण न्योछावर किए हैं। चंद्रशेखर आजाद से लेकर अश्फाक उल्लाह खां तक सभी ने भारत को आजाद करवाया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी हमारी सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। वो लोग हमारी सरकार को कुछ कहे तो ये राजनीति की बात है, लेकिन सेना के शौर्य पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। आज हमारी सेना इतनी ताकतवर है कि कोई हमारे देश की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। भारत की सेना किसी भी देश को छेड़ती नहीं है, लेकिन कोई हमें छेड़े तो उसे जवाब देने में भी पीछे नहीं हटेगी। आज हमारी सेना किसी भी देश की सेना की आंखों में आंखे डालकर बात करती है। उन्होंने कहा कि मैं यहां भारत के जवानों का शौर्य बता दूं, तो सबका सीना चौड़ा हो जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय नजरिए से भी भारत की शक्ति बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह की सरकार की तुलना की। उन्होंने कहा कि जैसे केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों का कल्याण कर रही है। वहीं एमपी में शिवराज सिंह की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाषण से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता। इसके लिए सिस्टम में बदलाव करना पड़ेगा। ऐसा करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

## विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,निकटतम ग्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोगादीत मे वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।कार्यक्रम मे मुख्य अथिति विजेंद्र पालीवाल सेवानिवृत प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि रमेश चन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य अराई, उषा कंवर राठौड़ सरपंच भोगादीत अध्यक्षता ओम प्रकाश लक्षकार प्रधानाचार्य ने की।समारोह में छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। वही मेधावी व राज्य स्तर पर चयनित खिलाडी छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।विजेंद्र पालीवाल ने विधार्थियों को जीवन में शिक्षा का महत्त्व बताया और सफल होने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में भगवत सिंह राठौड़, मेवाराम गुर्जर एस एम सी अध्यक्ष, रशीद मोहम्मद ब्लॉक अल्प. कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र माली विधायक प्रतिनिधि, सेठु राम प.स. सदस्य, नोरत तालोड, तेजू राम गुर्जर विद्यालय स्टाफ रमेश चन्द्र चौधरी, किरण अग्रवाल, संजू पारीक, राजेश मीना, मनोज स्वामी,टिकमचंद व्यास, हरि राम जाट , मंजु चौधरी,मंजु कंवर, सरोज ट्विनवाल,सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।वही कार्यक्रम का संचालन करतार माली ने किया।अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार प्रकट किया।

## शहर विधायक संजय शर्मा ने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शिवाजी पार्क में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

आज दिनांक 22/1/23 को सुबह 11:00 बजे शिवाजी पार्क स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शहर विधायक संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि कोष से स्वीकृत राशि 6 लाख से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया।इस अवसर पर शहर विधायक संजय शर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्र में पद स्थापित चिकित्सक व स्टाफ के द्वारा मरीजो के प्रति उचित व्यवहार कर उनका ईलाज कर उन्हें स्वस्थ करने के प्रति ईमानदारी से किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि मरीजो का उनकी बीमारी अनुसार ईलाज करना भी एक अच्छे परोपकारी कार्य से कम नहीं है,चुकी भगवान के बाद एक चिकित्सा कर्मी को भगवान का दर्जा दिया जाता है। कार्यक्रम के पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ रतन लाल बैरवा द्वारा शहर विधायक संजय शर्मा सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।लोकार्पण के अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश यादव सुभाष दायमा मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा पार्षद डॉ अशोक पाठक शीला जांगिड़ सतीश यादव सुदेश खाम्बरा,अंजू ओम प्रकाश गुप्ता दीपक गुप्ता,मोहन शर्मा, महेंद्र पटवारी पंडित जलेसिंह,ओम प्रकाश शर्मा ज्ञानेश्वर तिवारी अजय शर्मा,मोनू यादव, दिलीप नरुका, मुकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## 90 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए मोली पाउडर व क्रेटा कार जप्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/रवि शंकर व्यास**

चित्तौड़गढ़। जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार से 90 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए. पाउडर जब्त कर नागौर जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यन्त ने बताया कि निम्बाहेडा थानाधिकारी फूलचन्द के निर्देश पर रविवार को हैड कानि हरविन्दर सिह, कानि रतन सिह , ज्ञानप्रकाश व अमीत को लोकल एवम स्पेशल की कार्यवाही करने हेतु जलिया चैक पोस्ट रवाना किया गया। जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी के दौरान एक क्रेटा कार को चैक करने हेतु ईशारा किया। जिस पर क्रेटा कार चालक द्वारा कार को नाकाबन्दी स्थल से वापस घुमा भागने का प्रयास किया। नाकाबंदी में लगे हैड कानि हरविन्दर सिह व पुलिस जाप्ता द्वारा उसे घेरा देकर डिटेन किया गया । कार मे अवैध मादक पदार्थ होने की सुचना थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार उप निरीक्षक को दी। थाना ईन्चार्ज द्वारा मोके पर पहुच कार की नियमानुसार तलाशी ली तो कार में 90 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए मोली पाउडर (मिथाइलीन डाई ऑक्सी मेथाम्फेटामाइन) मिला। पाउडर व कार को जब्त कर आरोपी नागौर जिले के चांदनी थाना डेगाना हाल संजय कॉलोनी नागौर निवासी 30 वर्षीय दिनेश जान्दु पुत्र भागीरथ राम जाट को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी से विस्तृत अनुसंधान जारी है।

## उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में भतीजे के हत्यारे को जगदीशपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.01.2023 को उ0नि0 हरिबाबू गिरि थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 16/23 धारा 323/304 भादवि थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त महेश पुत्र माता प्रसाद निवासी मड़वा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को अभियुक्त के भाई दिनेश के घर के पास से समय करीब 10.30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त महेश की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयोग किया गया 01 अदद डण्डा( आलाकत्ल) अभि0 के घर के पीछे झाड़ियों से बरामद हुआ । थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## कबड्डी महाखेल प्रतियोगिता के बानसूर विधानसभा का 24 को फाइनल मुकाबला

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की पहल पर जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी महाखेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस महाखेल का बानसूर विधानसभा में 20 जनवरी से शुरू हुए । विधानसभा खेल प्रभारी एडवोकेट विकास जोशी ने बताया कि फाइनल मैच 24 जनवरी को नारायणपुर स्टेडियम में गुंता शाहपुर और चैनपुरा की टीम के बीच खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 21000 हजार एवं उपविजेता टीम को 11000 का इनाम दिया जाएगा। फाइनल मैच में जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ उपस्थित रहेंगे।

## राउमावि नवागांव में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागांव में जिला परिषद सदस्य कटारा की अध्यक्षता, एमएलए प्रतिनिधि रोहित खड़िया की मुख्य अतिथि, ग्राम पंचायत सरपंच गीता देवी की विशिष्ट अतिथि एवं कचरुलाल गारी प्रधानाचार्य आवासीय विद्यालय चुड़ादा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरत मेंरावत, राकेश कटारा कन्हैयालाल, तेरसिंग की अति विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य भायालाल दातला अतिथियों का शब्द समूह द्वारा स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक गतिविधि के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बालक बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र पाटीदार ने किया आभार दौलतसिंह पारगी ने माना।



## हिंदु युवा जनजाति संगठन ने किया कुशलगढ नगर पालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः कुशलगढ़ के नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र जी अहारी का स्वागत साफा व माला पहनाकर हिंदु युवा जनजाति संगठन द्वारा स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष हिंदु युवा जनजाति संगठन के जिला मीडिया प्रभारी रह चुके इसके लिए संगठन ने बहुत खुशी जाहिर की। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष कमलेश डामोर, जिला महामंत्री भावसिंह मुनिया, रणवीर सिंह अमलियार, राजेश्वर पारगी, रमेश कटारा, महेश परमार, सुनील यादव, दीपक कटारा, चंदनसिंह मुनिया, कमलेश कटारा, मोहनलाल कटारा, सत्या भाई, दीपक आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजुद रहे। संगठन को आगे बढ़ाने में जितेन्द्र जी अहारी के योगदान के लिए सभी ने उनकी भरीपूरी प्रशंसा की एवं आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की और इसी प्रकार क्षेत्र की जनता के हितों के कार्यो में अग्रणी रहकर जन सेवक के रूप में कार्य करते रहे यह भावना व्यक्त की।



## विधवा महिला को सोशल मीडिया पर ग्रुप के माध्यम से मिली आर्थिक मदद

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। गाँव अलीपुर में बच्चूसिह जो मजदूरी के लिए जाते समय खेरली की समूची फाटक पर एक्सीडेंट हो गया। और बच्चूसिह की मौके पर ही मौत हो गई। उसके पीछे उसकी पत्नी तीन बच्चों को छोड़कर के चला गया।जिसकी वजह से पूरे परिवार में मातम छा गया और बच्चे बेसहारा हो गए परिवार मे आर्थिक संकट खड़ा हो गया । खेलकूद की उम्र में ही बच्चे बेसहारा हो गये। बच्चों की इस विकट परिस्थिति में सर्व समाज के माध्यम से सर्व समाज के युवाओं ने मिलकर सोशल मीडिया पर एक मिशन चलाया। जिसमें लगभग 1,08,695रु. का सहयोग पीड़ित परिवार को मिला जिसमें से दोनों बच्चों के नाम चालीस चालीस हजार की रुपए की सर्व समाज हेल्प टीम कठूमर के भी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा निर्णय लिया गया। तथा शेष बची हुई राशि 28,685 रुपये पीड़ित परिवार को सौंप दी गई।सर्व समाज हेल्प टीम के सभी सहयोग कर्ताओं भामाशाह का आभार व्यक्त किया। इस मिशन समापन पर महेंद्र सिंह मसारी,लक्ष्मीकांत सैनी रामपुरा पाटन,दिनेश मीणा कुट्टीन साहबदास सरपंच, बंटी भंडारी गारू, मनीराम सैनी, सियाराम व्याख्याता,राजेश अलीपुर, योगेश कुमार,महावीर प्रसाद धौलपुर,घनश्याम पंचायत समिति सदस्य, किशन सिंह पूर्व सरपंच अलीपुर, बबली, गुनेश एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।



## राधाकृष्ण मन्दिर पर भजन संध्या

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



बांसवाड़ाः आज सोमवार, दिनांक 23 जनवरी 2023 को श्री अभयवरदाता हनुमानजी मन्दिर परिसर, विद्युत नगर स्थित श्री राधाकृष्ण मन्दिर के दसवें पाटोत्सव के पावन उपलक्ष्य में सायं साढ़े सात बजे श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के सानिध्य में ₹भजन संध्या₹ का आयोजन किया जाएगा ।यजमान राजेश शाह एवं भक्तों द्वारा आयोजन की व्यवस्था एवं मन्दिर पुजारी चंद्रशेखर पंडया द्वारा भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। ये जानकारी किंकर कपिल जोशी ने दी

## ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान ने की अपनी कार्यकारणी विस्तार

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी विस्तार करते हुए विभिन्न जिलो के तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्तियां प्रदान की । उदयपुर जिले की खेरवाड़ा तहसील अध्यक्ष पद पर डा लोकेश बसेर, प्रतापगढ़ जिले की अरनोद तहसील अध्यक्ष पद पर राधेश्याम राठौर, पीपलखूंट तहसील अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र टेलर, बांसवाड़ा जिले की घाटोल तहसील अध्यक्ष पद पर जितेंद्र कलाल को नियुक्त किया। नियुक्ति पत्र के साथ ही तहसील कार्यकारणी विस्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान लंबे समय जातिगत जनगणना, ओबीसी रोस्टर अपडेट किया जाने की, वेटिंग लिस्ट में कैटेगरी वाइस चयन किए जाने की, टीएसपी में ओबीसी को आरक्षण दिए जाने की, राज्य में ओबीसी को मिलने वाली उम्र तथा प्रतिशत की छूट टीएसपी में दिए जाने की, तमिलनाडु की तर्ज पर ओबीसी में क्रीमी लेयर व्यवस्था समाप्त करने की, उच्च पदों पर ओबीसी का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य हैं इसलिए मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर ओबीसी को पद्दोनती में आरक्षण दिया जाने की, ओबीसी के छात्रों लिए जिला स्तर पर छात्रावास की कोई सुविधा नहीं है इसलिए जिला मुख्यालय पर हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाने की, जनसंख्या के अनुपात में निजी क्षेत्र में आरक्षण दिए जाने की, भूमिहीन ओबीसी किसानों को खेती के लिए जमीन आवंटन किए जाने की, ओबीसी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए ओबीसी आयोग बनाए जाने, राज्य की ओबीसी सूची में आने वाली समस्त जातियों को केंद्र की ओबीसी सूची में रखने, राजनीतिक दलों में ओबीसी को उचित प्रतिनिधित्व देने जैसी मांगो को लेकर आंदोलन कर रहा हैं।



## तिजारा चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर द्वारा निशुल्क मल्टीस्पेशियलिटी एवं नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तिजारा द्वारा निशुल्क मल्टीस्पेशियलिटी एवं नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 जनवरी बुधवार को किया जाएगा जिसमें प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक सभी मरीजों की जांच की जाएगी । जिसमें मरीजों को जांच के बाद दवाइयां फ्री दी जाएगी और शिविर में नेत्र ऑपरेशन हेतु चयनित मरीजों के ऑपरेशन 27 व 28 जनवरी को मित्तल हॉस्पिटल अलवर में किए जाएंगे जिसमें मरीजों को रहने खाने-पीने ऑपरेशन दवा लेंस चश्मे इत्यादि की व्यवस्था निशुल्क रहेगी जिसमें मरीजों की ईसीजी मधुमेह की जांच भी निशुल्क की जाएगी शिविर में निशुल्क सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉ महेश जैन डॉक्टर, डॉक्टर एस सी मित्तल, डॉक्टर रूप सिंह, बाबू झालानी, गिरीश गुप्ता आदि सेवाएं देंगे।

# विप्र वाहिनी की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रशांत जोशी बाँसवाड़ा जिला कोषाध्यक्ष, जय जोशी दानपुर छोटी सरवन तहसील अध्यक्ष और योगेश पंड्या छाजा आनंदपुरी तहसील अध्यक्ष मनोनित

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**







बाँसवाड़ा : विप्र फाउंडेशन राजस्थान प्रदेश विप्र वाहिनी जोन 1-ए के महामंत्री विकास भाई भट्ट की अनुशंसा पर विप्र वाहिनी जिला अध्यक्ष दीपक जोशी ने विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष योगेश जोशी बाँसवाड़ा व विप्र युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संघठनमंत्री हेमेंद्र पंड्या के निदेर्शानुसार विप्र फाउंडेशन के अंतर्गत विप्र व सनातन समाज पर होने वाले अन्याय व अत्याचार के खिलाफ आवाज मुखर करने न्याय दिलाने के लिए गठित हरावल दस्ते विप्र वाहिनी में प्रशांत जोशी बाँसवाड़ा को जिला कोषाध्यक्ष, जय जोशी दानपुर को छोटी सरवन तहसील अध्यक्ष और योगेश पंड्या छाजा को आनंदपुरी तहसील अध्यक्ष मनोनित किया हैं। इस अवसर पर विप्र वाहिनी के जिला अध्यक्ष दीपक जोशी ने जिला व तहसील पदाधिकारियों को दायित्व सौपते हुए कहा कि विप्र फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही समाजहित के कार्यकलापो को ज्यादा से ज्यादा ब्रह्म समाज में जनजागृति लाने व उन्हें लाभान्वित कराने का प्रयास करेगें साथ ही विप्र छात्र/छात्राओं के शिक्षण संबंधी आने वाले समस्याआं को निराकरण करने का प्रयास करेंगी एवं विप्र व सनातन समाज के कमजोर व असहाय लोगो की मदद करेगें जिससे ब्रह्म व सनातन समाज में एकता, सामाजिक समरसता स्थापित हो ।

# मोदको की महक से सुहासित हुआ ब्रह्मधाम

### 100 किलो आटे के मोदक बनाकर लगाया भगवान ब्रह्मा को भोग

### गुप्त नवरात्रि की एकम को हुआ अनूठी परंपरा का निर्वहन

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



बांसवाड़ाः छींच गांव में वर्षो पूर्व से चलती आ रही परम्परागत ब्रह्मा भोग आयोजन, जिसे यहाँ परन्याती कहा जाता है। उसमें अब आसपास गाँव के श्रद्धालु भी आगे आने लगे हैं, तथा अपनी स्वेच्छा से ब्रह्मभोग लगाते हैं तथा, अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। आज भी गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन बांसवाड़ा के आकाशवाणी कॉलोनी में निवासरत राजेंद्र जोशी एवं मनोज जोशी परिवार ने अपनी माताजी स्वर्गीय कौशल्या देवी पत्नी सूर्यकांत जोशी की स्मृति में छींच गांव की अनूठी परंपरा का निर्वहन करते हुए ब्रह्मभोग का आयोजन किया। ब्रह्मा मंदिर ट्रस्ट मंडल के संरक्षक विश्वेश्वर आचार्य ने बताया की वर्षो से ब्रह्मा मंदिर में परम्परा चलती आ रही हैं की भगवान ब्रह्मा को जब भी भोग लगता हैं तो शुद्ध घी से बने मोदक का ही लगता हैं, जिसका निर्माण भी गाँव के तीनो ब्राह्मण समाजो के पुरुषो द्वारा मिलकर किया जाता हैं, औरते भी प्रसाद तैयार करने चौके पर नही आती। गांव में तीन ब्राह्मण समाज है - सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज, त्रिवेदी मेवाडा ब्राह्मण समाज एवं श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज। मंदिर ट्रस्ट मंडल के मुकेश दवे ने बताया की गांव के त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज द्वारा 30 किलो, सहस्त्र औदीच्य समाज द्वारा 35 किलो एवं श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज द्वारा भी 35 किलो आटे से मोदकों का निर्माण किया जाता हैं, जिसके लिए मंदिर परिसर में ही कांटा लगाकर, बराबर आटा सामान तौलकर समाजवार दिया जाता हैं। तीनो समाजो द्वारा जब मोदकों का निर्माण कर लिया जाता हैं तो दाल और चावल बनाकर थाल में पूरा भोजन सजाकर, भगवान ब्रह्मा को भोग लगाया जाता हैं, उसके उपरान्त अन्यत्र गाँवों से आये श्रद्धालुओं के साथ ही गाँव के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। अशोक उपाध्याय ने बताया कि जो श्रद्धालु इस ब्रह्मभोग का आयोजन करना चाहता है उसे सबसे पहले तीनो ब्राह्मण समाज के प्रमुख 4-4 व्यक्तियों को सूचित करना पड़ता है तथा उनकी राय लेकर लक्ष्मीनारायण मंदिर पर तीनों ब्राह्मण समाज के सभी परिवारों के मुखियाओं को एकत्रित करके स्वीकृति लेनी होती है। सर्वसम्मति से तीनों समाज दिन तय करते है और उसी तय दिन पर सेवक समाज के प्रतिनिधि न्यौता देते है। आज भी उसी परम्परानुसार ब्रह्माजी को 100 किलो आटे, 50 किलो शुद्ध घी एवं 50 किलो शक्कर के साथ ही काजू, बादाम, द्राक्ष से निर्मित मोदकों का भोग लगाया गया और मोदकों की खुशबू से समूचा ब्रह्मधाम सुहासित हो उठा। आयोजन में बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं उदयपुर के अलावा मध्यप्रदेश के श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज के महापारणा मे शामील होंगे वागड सहित देश भर के श्रद्धालु

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



बांसवाड़ाः परतापुर आचार्य श्री प्रसन्?न सागरजी महाराज के परम शिष्?य व भक्?त संजय एन दोसी परतापुर ने बताया कि साधना महोदधी उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज वर्तमान में सम्?मेद शिखर के पारसनाथ टोंक पर सिंहनिष्कीड़ित व्रत की 557 दिन की अखण्ड मोन साधना मे लीन हे ' जिसका महापारणा 28 जनवरी 2023 कों होना है ' मासोपवासी मोन साधना पूर्ण होने की और है इसी खुशी में पुरे वागड के भक्?तो में हर्ष व आनंद छाया हुआ है इस खुशी में श्रद्धालु घर घर दीप जलाकर खुशीया मना रहे है। दोसी ने बताया कि महासाधना अंतरमना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का 557 दिन उपवास मोहन साधना का महा पारना 28 जनवरी 2023 को सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखरजी मैं संपन्न होगा । इस युग के सबसे कठिन साधना जिसमे 557 दिन के साधना में मात्र 61 दिन अन्नजल ग्रहण किया तथा 496 उपवास किए। इस प्रकार 18 महीने तक एकांतवास और मौन साधना सम्मेद शिखर जी के पारसनाथ टॉके पर रहकर करने वाले पहले साधक अंतर मना प्रसन्न सागर महाराज बागड़ के परतापुर में आचार्यश्री पुष्पदंत सागर जी महाराज से दीक्षित हुए है जो वागड का का गौरव को बढ़ा रहे हैं । चिन्?तन दोसी व चिराग दोसी ने बताया कि 28 जनवरी को मोन खोलने ओर महाप्ररणा के साथ होगा काव्य पंचकल्याणक एवं जैनेश्वरी दीक्षा आयोजन जिसमें जिसमें बडी संख?या में वागड के श्रद्धालु भाग लेंगे। आचार्य श्री द्वारा सबसे ज्?यादा दीक्षित शिष्?य वागड से दोसी ने बताया कि आचार्य श्री प्रसन्?न सागरजी महाराज द्वारा दीक्षित प्रथम शिष्य परतापुर के रूप में मैयावत परिवार से भरत मैयावत को मुनि श्री अप्रमतसागर सागर मुनि के रूप में दीक्षा दी तथा उसी परिवार से सरोज मैयावत को प्रथम आर्यिका आर्यिकाज्ञान प्रभामती माताजी के रूप में दी तथा उसी परिवार से राधवेश भैया को ऐलक श्री परिमल सागर एवं राधवेश की पत्नी राजमती मैयावत को आर्यिका चरित्रप्रभामती माताजी के रूप में दीक्षा दी।यह परतापुर सहित पुरे वागड का सबसे बडा सोभाग?य है। वागड से विशेष जुडाव है आचार्य श्री का मासोपवासी अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्?न सागरजी महाराज के महापारणा में देश भर से लाखो श्रद्धालु सम्?मेद शिखर पर एकत्रित होंगे पर उसमें वागड के श्रद्धालुओं की भक्ति व भावना अपनी अमिट छाप छोडेगी इसका मुख?य कारण यह है कि आचार्य के शिष्?यों में सबसे ज्?यादा वागड से दीक्षित मुनि व आर्यिका है तथा इस वागड की माटी का यह सोभाग?य है कि सबसे ज्?यादा मोन व्रत तप साधना करने वाले आचार्य श्री प्रसन्?न सागरजी महाराज को उनके गुरू आचार्य श्री पुष्?पदंत सागरजी महाराज ने वागड की धर्म नगरी परतापुर में दीक्षा प्रदान की थी इसलिए इस माटी इस वागड की धरा से आचार्य श्री का विशेष जुडाव है यह वागड के भक्?तों का पुण्?य प्रताप है। वागड मे चातुर्मास के लिऐ चढाया जाऐगा श्रीफल -आचार्य श्री के महापारणा प्रतिष्ठा महोत्सव मे परतापुर सहित वागड से बडी संख्या मे श्रद्धालु सम्मेद शिखर मे इस महापारणा महोत्सव मे भाग लेकर आचार्य श्री को वागड मे आगमन व चातुर्मास के लिऐ श्रीफल भेंट करेगे ।

# सम्मान समारोह व चौखरा बैठक संपन्न

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**




बांसवाड़ाः सहस्त्र औदिच्य समाज सरेडी बड़ी का सम्मान समारोह और चोखरा बैठक का आयोजन रविवार को सदाशिव भवन में सहस्त्र औदिच्य समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र पंड्या के मुख्य आतिथ्य, नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद दादा पाठक की अध्यक्षता, बांसवाड़ा रोडवेज मुख्य प्रबंधक मनीष जोशी , जिला क्रीड़ा सचिव योगेश भट्ट , राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चयनकर्ता राकेश शुक्ला , सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र शुक्ला , पूर्व इकाई अध्यक्ष अशोक पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ । शब्द सुमनो से स्वागत इकाई अध्यक्ष प्रवीण चंद्र व्यास ने किया साथ ही समाज द्वारा इकाई स्तर पर किए गए सफल आयोजनों के बारे में विस्तृत रूप से बताया । साथ ही जिलास्तर पर नवाचार हेतु अपने विचार भी बताए । इस अवसर पर सामाजिक इकाई सरेडी बड़ी के निवासियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर शॉल, पगड़ी, उपर्णा, माला पहनाकर सम्मान और स्वागत संरक्षक हरीशचंद्र सी पाठक, जगदीश शुक्ला, मनोहर लाल शुक्ला, गजानन जोशी, अशोक पाठक द्वारा किया गया। उपलब्धि प्राप्त करने वालो में बांसवाड़ा आगार मुख्य प्रबंधक के रूप में सेवाए देने वाले मनीष जोशी , शारीरिक शिक्षक से पदोन्नत होकर प्राध्यापक शारीरिक शिक्षक व राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चयनकर्ता के रूप में राकेश शुक्ला , जिला सचिव के रूप में लगातार 23 वर्षो तक निस्वार्थ सेवा करने वाले गिरीश जोशी , समाज स्तर पर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पूरी टीम एवम कोच मनोहरलाल जोशी , सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र शुक्ला, सेवानिवृत एलएचवी सुमित्रा शुक्ला का सम्मान किया गया। चोखरा अध्यक्ष अशोक पाठक द्वारा निजी कारणों से दायित्व निर्वहन में असमर्थता जताने पर जिलाध्यक्ष व चौखरे से आए हुए प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से प्रवीण चंद्र व्यास को चोखरा अध्यक्ष नियुक्त किया । मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जितेंद्र पंड्या ने अपने उद्बोधन में अपनी ओर से समाज हित में पूरा योगदान देने का विश्वास दिलाया साथ ही जिला कार्यकारिणी द्वारा आगामी समय में महिलाओं और युवाओं के लिए सेमिनार आयोजित किए जाने के बारे में भी बताया । अध्यक्षीय उद्बोधन में विनोद दादा पाठक ने राजनीतिक स्तर पर सरेडी बड़ी को विकसित करने का विश्वास दिलाया । इस अवसर पर योगेश भट्ट, राकेश शुक्ला, डिपो मैनेजर मनीष जोशी सहित समस्त अतिथियों ने विचार प्रकट किए । कार्यक्रम का संचालन गिरीश जोशी ने किया और आभार शिक्षाविद् विद्याशंकर जोशी ने माना । इस अवसर पर महिला इकाई अध्यक्ष मीनाक्षी पाठक , आरती पाठक , इच्छाशंकर जोशी , रमेश व्यास, भरत शुक्ला, आशीष शुक्ला, गौरव शुक्ला , लोकेश शुक्ला ,प्रफुल्ल शुक्ला , विकास शुक्ला, अजय उपाध्याय , चूड़ामणि भट्ट, सुभाष भट्ट , विकास उपाध्याय, कपिल शुक्ला सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे ।

## विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा एवं भारतीय जन सेवा प्रतिष्ठान राजस्थान के तत्वाधान में बांसवाड़ा जिले में रामायण को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः रामायण को जानो प्रतियोगिता 11 फरवरी 2023 को विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा एवं भारतीय जन सेवा प्रतिष्ठान राजस्थान के तत्वाधान में बांसवाड़ा जिले में रामायण को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 के भैया एवं बहन भाग ले सकेंगे। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला अध्यक्ष श्रीमान मांगीलाल बुनकर के सानिध्य में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरूण कुमार अडीचवाल ने बताया की उपयोगिता की प्रतियोगिता 2 वर्ग आयोजित की जाएगी जिसमें बाल वर्ग व तरुण वर्ग अलग-अलग बनाए गए हैं। रामायण को जानो प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आगामी 11 फरवरी 2023 मैं जिले की नूतन भारत माध्यमिक विद्यालय नरवाली 21 छात्र नव विकास शिक्षण संस्थान 150 छात्र नरवाली गुरुकुल उच्च प्राथमिक विद्यालय नरवाली 100 छात्र रविंद्र नाथ टैगोर उच्च प्राथमिक विद्यालय नरवाली 44 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे तथा इन केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें कुल 315 भैया एवं बहन भाग लेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र अधीक्षक बनाए गए हैं । रामायण जानो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 सो रुपए द्वितीय पुरस्कार ?750 व तृतीय पुरस्कार ?500 देकर अभ्यर्थियों को देकर सम्मानित किया जाएगा।

## वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः सज्जनगढ़ उपखंड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डुंगरी पाड़ा राठ धनराज में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येंद्र कटारा वार्ड पंच ने की, एवं मुख्य अतिथि राकेश अमलियार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भरत चरपोटा , दिलीप डांगी , धूलजी भाई , मावलाल डांगी, काला भाई, जगमाल कटारा, रावा कामोल,सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की ,बालिकाओं के द्वारा प्रार्थना एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन के रूप में श्री भरत कुमार पंचाल संस्था प्रधान द्वारा मंचासीन अतिथियों का शब्द सुमन द्वारा स्वागत किया एवं विद्यालय परिवार की तरफ से समस्त मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया,स्थानी विद्यालय में अध्यनरत बालक बालिकाओं के द्वारा साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया गया एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं को पारितोषिक देकर के नवाजा गया ,आठवीं बोर्ड परिणाम शत प्रतिशत के लिए सोनल को सम्मानित किया गया , पांचवी बोर्ड में शत प्रतिशत के लिए कालूराम भगोरा को, विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए रतनलाल गरासिया को सम्मानित किया गया, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग सोनल,पायल ,मनीषा ,श्रेष्ठ और जागरूक अभिभावक के रूप में श्री कालिया कामॉल को सम्मानित किया गया, उद्बोधन जगमाल कटारा, सत्येंद्र कटारा ,राकेश अमलियार , गोरसिग मकवाना आदि ने संबोधित किया, और बालकों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र गुर्जर ने किया और आभार गमना डिंडोर ने किया।



## बजट सत्र में नॉन टीएसपी शिक्षकों को गृह जिले में भेजने की मांग

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः आज कुशलगढ़ में विधायक रमिला खड़िया को नॉन टीएसपी शिक्षकों द्वारा ज्ञापन दिया गया । नॉन टीएसपी के अध्यक्ष कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस टीएसपी क्षेत्र में 15 से 25 वर्षो से नोन टीएसपी कार्मिक कार्यरत है ,जो अपने गृह जिलों में जाने के लिए समायोजन की मांग लगातार कर रहे हैं। बजट सत्र में विधायक महोदया को इनकी मांग उठानी चाहिए। अगर विधानसभा सत्र और भर्ती से पहले इनका समायोजन नहीं होता है तो नॉन टीएसपी शिक्षकों का घर जाने का सपना टूट जाएगा। पवन शर्मा और जयपाल विश्नोई ने भी कहा कि राहुल गांधीजी अगर भारत जोडो यात्रा कर रहे हैं तो आप भी नोन टीएसपी शिक्षकों का परिवार जोड़ो अभियान चलाओ ताकि यह सब शिक्षक अपने परिवार के साथ बाकी का समय बिता सकें। ज्ञापन देने में ओमप्रकाश रेगर, रामकरण मेघवाल, शिवराज चौधरी, विक्रम ,जितेंद्र विशु, राजेश महावर, शंकरलाल, सुरजाराम चौधरी ,गोवर्धन ज्याणी, पन्नालाल जीनगर, रामनिवास हुड्डा, पप्पूराम मेघवाल ,रतनदीप ,महेंद्रसिंह चारण ,सांवरमल गुर्जर, श्रीराम सुथार ,प्रकाश प्रजापत , प्रताप सिंह ,सियाराम बेरवा, ब्रजमोहन यादव आदि कार्मिक उपस्थित थे। ये जानकारी कमलेश चौधरी ने दी।



## राउमावि सागवा में वार्षिकोत्सव एवं पीटीएम बैठक का आयोजन

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः ब्लॉक सज्जनगढ़ के अधीनस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवा में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं मेगा पीटीएम बैठक का आयोजन प्रधानाचार्य केशव लाल बामणिया की अध्यक्षता, ग्राम पंचायत सरपंच शीला देवी के मुख्य अतिथि, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बारिया रूपजी,पांगला भाई की विशिष्ट अतिथि, व गेरी लाल कटारा अरविंद पटोत , धुलजी भाई की अति विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य केशव लाल बामणिया ने विद्यालय की भौतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपजी बारिया ने मेगा पीटीएम बैठक बुलाने का उद्देश्य अभिभावकों को बताया। कार्यक्रम मैं विद्यालय के पूर्व छात्र छात्रा एवं विद्यालय उत्कृष्ट कार्य करने वाले, राष्ट्रीय स्तर पर जंबूरी, स्तर पर फुटबॉल व कबड्डी में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम एवं जिला स्तर पर प्रथम रहने वाली टीम के खिलाड़ियों का एवं टीम प्रभारी शारीरिक शिक्षक सरदार गरासिया का भी प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालन गोवर्धन लाल गायरी किया आभार गेरी लाल कटारा ने माना।



## डूंगरी पाड़ा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**



बांसवाड़ाः सज्जनगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत राठधनराज के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डूंगरीपाड़ा में सत्येंद्र कटारा वार्ड पंच की अध्यक्षता, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राकेश अमलियार की मुख्य अतिथि, भरत कुमार चरपोटा विद्यालय प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष की विशिष्ट अतिथि में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रधानाध्यापक भरत कुमार पंचाल ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। आठवीं बोर्ड में 100% परीक्षा परिणाम देने वाली अध्यापिका सोनल हगावानिया, पांचवीं बोर्ड में 100% परीक्षा परिणाम देने वाले कालूराम भगोरा, विद्यालय विकास में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले रतनलाल गरासिया, राज्य स्तर पर खेलने वाली सोनल पायल मनीषा, विद्यालय भामाशाह के रूप में सहायक अभियंता लालजी कटारा जागरूक अभिभावक के रूप मे कालिया कामोल प्रशस्ति पत्र को सम्मानित किया गया एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाला बालक बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में दिलीप दांगी धूलजी भाई कांता बेन, रामलाल, थावरा भाई , सवलाल डांगी व जगमाल सहित आसपास के कई अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र डोडियार ने किया आभार गमना डामोर ने माना।

## कांजीपुरा बस स्टैंड पर एक बाइक असंतुलित होकर गिरी

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के कांजीपुरा बस स्टैंड के पास ब्रेकर पर एक्सीडेंट हो गया। बाईक सवार दुसरे वाहन को बचाने के चक्कर में बाईक असंतुलित हो गई। जिसमें बाईक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं



घायल युवक को निःशुल्क रोटी बैंक एंबुलेंस की सहायता से बानसूर उप जिला अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया। जहां युवक का ईलाज जारी है।रोटी बैंक एंबुलेंस संचालक आर सी यादव ने बताया कि नवीन कुमार (27) निवासी तिहारा ( रेवाड़ी हरियाणा ) बाईक पर सवार होकर बानसूर से अपने घर रेवाड़ी जा रहा था। इसी दौरान कांजीपुरा बस स्टैंड ब्रेकर पर वाहन को बचाने के चक्कर में बाईक असंतुलित होकर गिर गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर रोटी बैंक एंबुलेंस की सहायता से घायल को बानसूर उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां युवक का ईलाज जारी है। रोटी बैंक एंबुलेंस संचालक ने बताया कि बाईक सवार युवक ने हेलमेट पहन रखा था जिसके चलते युवक की जान बच गई।

## बानसूर में निःशुल्क ओलंपियाड 2023 के प्रथम ग्रुप का आयोजन हुआ

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - शिक्षा नगरी तथा मिनी कोटा के नाम से प्रसिद्ध बानसूर में आरसीआई शिक्षा ग्रुप की ओर से 4, 5, 6, 7 ,8 ,9 और 11वीं कक्षा के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए 22 जनवरी को परीक्षा पेपर आयोजित किया गया।इस ओलंपियाड में लगभग 4000 रजिस्टर्ड विद्यार्थियों में से 2218 विद्यार्थियों ने भाग लिया।इसके लिए आरसीआई मैनेजमेंट की ओर से अलग-अलग ब्लॉक में बैठक व्यवस्था की गई थी।इस ओलंपियाड में लगभग 500 स्कूलों के लगभग 15 तहसीलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसका परिणाम 12 फरवरी और 19 फरवरी को घोषित किया जाएगा। कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ओलंपियाड 29 जनवरी को आयोजित किया जायेगा। वहीं 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है।निदेशक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के ओलंपियाड के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में रहते हुए ही अपनी प्रतिबद्धता और हुनर को पहचानने का एक प्लेटफार्म मिलता है। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से प्रत्येक ग्रुप से लगभग 150 विद्यार्थियों का तीनों ग्रुपों में लगभग 400 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## राउमावि खूंटाचतरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं अभिभावक अध्यापक मीटिंग पेटीएम का हुआ आयोजन

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाः सज्जनगढ़ ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खूंटाचतरा में सत्र 2023 का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच साहब श्रीमान वादे सिंह जी गरासिया अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान पियो श्री दिलीप कुमार खिहुरी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय सज्जनगढ़ के छात्रसंघ अध्यक्ष श्री राहुल गरासिया,



एसएमसी अध्यक्ष श्री रामसिंह भाई, बादल भाई रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंग-बिरंगे सांस्कृतिक साहित्य कविता, एकल नृत्य, समूह गान प्रस्तुत किए गए। संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय के शैक्षिक एवं सह शैक्षिक उपलब्धियों के बारे में विस्तृत से अभिभावकों को अवगत कराया साथ में ही मेघा पीटीएम, आरकेएसएमबीके के बारे में बताया गया, बच्चों के प्रगति रिपोर्ट के बारे में प्रगति रिपोर्ट के बारे मे विस्तार से बताया। संस्था प्रधान ने अभिभावकों से आग्रह किया की की बच्चों के शैक्षिक उन्नयन के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विद्यालय के शैक्षिक भौतिक विकास के बारे में हमेशा तत्पर रहने के लिए अभिभावकों से और समस्त जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने के लिए जोड़ दिया अंत में बच्चों द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया एवं प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया अंत में वरिष्ठ अध्यापक कांतिलाल डिंडोर ने आभार व्यक्त किया इसी कार्यक्रम में पीईईओ क्षेत्र के समस्त अध्यापको ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार बुनकर ने किया एवं आभार संस्था प्रधान दिलीप कुमार खिहुरी ने माना।

## हरसोरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के कस्बा हरसौरा में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ब्राइट फ्यूचर स्कूल में किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया।शिविर के आयोजनकर्ता और निदेशक देवेन्द्र यादव ने बताया कि ग्रामीणों की सहायता के लिए कस्बे में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हर्निया व अपेंडिक्स के मरीजों का भी इलाज किया गया। वहीं शिविर में करीब 300 से ज्यादा मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान घुटनों का प्रत्यारोपण , रीड की हड्डी में समस्या, हाथ पैरो में सूनापन, घुटने और कंधे में दर्द, कमर में दर्द, कान से मवाद आना, कम सुनाई देना, नाक बंद रहना, बार बार जुकाम लगना जैसी बीमारियों का विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने निःशुल्क परामर्श व निःशुल्क दवाइयां दी गई।शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, मूत्र रोग विशेषज्ञ की टीम ने मरीजों का निःशुल्क इलाज और दवाइयां दी गई।

## दौड़ प्रतियोगिता के पोस्टर का किया विमोचन

**मरुधरविशेष /महावीर सिंह**

कोटपुतली निकटवर्ती ग्राम दांतिल में स्व. इंद्रसिंह भाटी की स्मृति में आगामी



02 फरवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की जाने वाली दौड़ प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को ग्राम भैंसलाना में ग्रामीणों द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान धर्म सिंह शेखावत, हरी सिंह दांतिल, दिनेश सिंह,आकाश पारीक, महेश मुदगल, साहिल शेखावत, राहुल शेखावत,पारस सिंह, नवीन शेखावत, घोगड़ शेखावत समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## देवभूमि से पधारें मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

किशनगढ़,किशनगढ की पावन धरा पर देवभूमि से पधारें उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी का भाजपा सांसद अजमेर भागीरथ चौधरी एवं उभरते हुए युवा नेता डॉ. विकास चौधरी व अंराई प्रधान प्रतिनिधि शैतान पूनिया ने स्वागत व अभिनंदन किया।व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मोबाइल ऐप द्वारा काम करने वाले श्रमिकों का महासम्मेलन 24 जनवरी को

### सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य मांगों को लेकर दुर्गा मैरिज गार्डन में होगा एकजुटता सम्मेलन

**मरुधर विशेष/धर्मेन्द्र वैष्णव**

मोबाइल ऐप द्वारा काम करने वाले श्रमिक जिनमें ओला, उबर, रैपीडो, स्विग्गी जोमैटो, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, अर्बन क्लब जैसी कंपनियों के लिए काम कर रहे साथ ही दिन और रात मेहनत करते हैं। ये जयपुर जैसे बड़े शहरों में तो बड़ी संख्या में काम करते ही है?। लेकिन, अब छोटे बड़े सभी कस्बों और शहरों में सभी काम कर रहे हैं। इनके बीमार होने, एक्सीडेंट होने, काम छूट जाने पर किसी तरह की कोई सुरक्षा नहीं है। कंपनियां इनका शोषण ही करती है, जबकि उन्हें, इनकी सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान देना



चाहिए। इनके भविष्य की कोई सुरक्षा कहीं नजर नहीं आती है। इसलिए लंबे समय से राजस्थान सरकार पर दवाब बनाया जा रहा है उस दवाब की वजह से राज्य सरकार एक ऐप बना रही है। राज्य सरकार से लगातार यह मांग की जा रही है कि भविष्य की सुरक्षा के लिए एक कानून एवं बोर्ड बनाया जाए।राज्य सरकार से कानून में निम्न बातों का ध्यान रखने की मांग की जा रही हैः

1. मोबाइल ऐप आधारित श्रमिकों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा निश्चित हो।
2. सामाजिक सुरक्षा हर लेन-देन पर लगने वाली लेवी पर आधारित हो।
3. एग्रीगेटर कंपनियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून शीघ्र बने।
4. गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए शीघ्र त्रिपक्षीय बोर्ड बने।

जयपुर सहित कई शहरों से बड़ी संख्या में ऐप आधारित श्रमिक लेंगे हिस्सा।

इस महासम्मेलन में जयपुर सहित कई शहरों के ऐप आधारित श्रमिकों हिस्सा लेंगे और एकजुटता प्रकट करेंगे।

### ये संगठन कर रहे हैं आयोजित

राजस्थान ऐप आधारित श्रमिक यूनियन राजस्थान, सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान राजस्थान, इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स।

# किस तरफ झुकता नजर आ रहा है ऑपीएस को फिर से लागू करने का फैसला_ अंजली यादव

जब से दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा ओपीएस यानी पुरानी पेंशन स्कीम को सीएपीएफ कर्मचारियों के लिए फिर से लागू करने का फैसला सुनाया गया है इस पर राजनीतिक बहस फिर से गर्म हो गई है वहीं अर्द्धझसैनिक बलों के भी इस पर पैनी नजर बनी हुई है।

यह कहना अनुचित न होगा कि हाईकोर्ट के फैसले से अर्द्धझसैनिक बलों में मृत खुशी की लहर तो आई है मगर जीवित खुशी की लहर तो वे सुप्रीम कोर्ट के इस पर समान फैसले के बाद ही महसूस कर सकेंगे। स्वयं एक सीएपीएफ कर्मचारी होने के नाते मैं यह कह सकती हूं कि बल के कर्मचारी इस पर पूर्णतया सहमत नहीं है क्योंकि यह अंतिम फैसला नहीं है। वे अभी भी धैर्य बनाए हुए इस पर अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

सरकार ने भले ही सेना, नेवी और वायु सेना की तरह अर्द्धझ सैनिक बलों को सशस्त्र बल ना माना हो लेकिन सैनिक तो एक सैनिक ही है चाहे वह हर अर्द्ध झसैनिक बल का हो या सशस्त्र बलों का सरकार के पास उन्हें सेना ना मानने के कई आधार हो सकते हैं लेकिन अर्द्धझसैनिक बलों द्वारा हर सीमा क्षेत्रों एवं आईएस ड्यूटी आदि में निभाए जा रहे उनके कर्तव्य बिल्कुल उन्हें सैनिक होने का एहसास कराते हैं।

अभी चुनावी माहौल में तो सरकार इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में लेकर नहीं जाएगी लेकिन इसके बाद जब भी मामला सुप्रीम कोर्ट में जाएगा और यदि वहां से भी सीएपीएफ कर्मचारियों के लिए ओपीएस को लागू करने का फैसला आया तो हर एक सीएपीएफ कर्मचारी के लिए यह न्यायसंगत होगा, इसमें कोई दोराय नहीं है ।



लेकिन अब बात कर लेते हैं उस मुद्दे की जिसका मैं कुछ दिन से आकलन कर रही हूं और इस संबंध में आरबीआई गवर्नर के हाल ही में दिए गए एक बयान का जिक्र करना चाहूंगी कि ₹जो भी राज्य पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करते हैं उन सभी को आने वाले समय में वित्तीय प्रबंधन के खतरे का सामना करना पड़ सकता है ।₹ क्योंकि इससे सरकार पर देनदारियों बढ़ जाएंगी जबकि कई राज्य सरकारें जैसे पंजाब, राजस्थान ,छत्तीसगढ़ ,हिमाचल प्रदेश पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू कर रही हैं।

खैर, इस पर कुछ भी कहने से पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगी कि राज्य सरकारों के कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने का हाईकोर्ट के फैसले से कोई संबंध नहीं है। शब्दों को उद्धरण (०४ङ्३३ङ्ल्ल) की सीमा में ना बांधते हुए यदि हाईकोर्ट के फैसले की सही अर्थ में व्याख्या करनी है तो वह यह है कि :झसीएपीएफ भी सेना, जल सेना और वायु सेना की तरह ही सशस्त्र बलों में शामिल है इसलिए पुरानी पेंशन योजना उन पर भी लागू होगी क्योंकि 1 जनवरी 2004 के बाद भी ओपीएस सशस्त्र बलों के लिए लागू है लेकिन अभी तक यह प्रावधान अर्द्धझसैनिक बलों के लिए नहीं था।

दूसरी बात जो देनदारियां (ृ३८)बढ़ जाने के संबंध में कही गई है; जैसा कि पूर्व विदित है 01 जनवरी 2004 से पहले यह योजना केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू थी जिसमें रिटायरमेंट के समय की बेसिक सैलरी का 50% प्रति माह रिटायरमेंट के बाद सरकारी कर्मचारी को पेंशन के रूप में दिया जाता था। साथ ही मूल वेतन के कुछ प्रतिशत के रूप में महंगाई भत्ते की गणना कर साल में लगभग 2 बार महंगाई भत्ता भी जोड़ दिया जाता था।

इसमें सबसे बड़ी समस्या यह थी कि पेंशन लंबे समय से सरकार पर देनदारी के रूप में बनी हुई थी क्योंकि सरकार के पास पेंशन के लिए किसी विशेष कोष की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में भारत सरकार के बजट से ही फंड दिया जाता था। भविष्य में भी पेंशन का भुगतान कैसे किया जाना है इस पर कोई स्पष्ट योजना नहीं बनाई गई। बजट से पहले पेंशन के भुगतान के लिए एक अनुमान लगाया जाता था। ऐसे में करदाताओं से प्राप्त कर (३७) से ही सरकार पेंशन का भुगतान करती रही लेकिन बाद में इस पर विचार किया गया कि करदाताओं की यह बड़ी रकम देश में अन्य निर्माण कार्यो में खर्च की जा सकती है।

किस प्रकार सालझदरझसाल पेंशन भोगियों के लाभ में वृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और बढ़ती जीवन प्रत्याशा से केंद्र और राज्यों की पेंशन देनदारियों में वृद्धि होती चली गई इसे समझने के लिए हमें गणित के कुछ आंकड़ों को समझना होगा।

यदि 1990झ91 का केंद्र सरकार का पेंशन बिल देखा जाए तो यह खर्च 3,272 करोड रुपए था जबकि सभी राज्यों का कुल खर्च 3,131 करोड रुपए था ।अगर इसकी तुलना 2020-21 से की जाए तो केंद्र के बिल में 58 गुना तक वृद्धि हो चुकी है जो कि 1,90,886 करोड रुपए है वही राज्यों के व्यय में 125 गुना वृद्धि हो चुकी है जो कि 3,86,001 करोड रुपए के आसझपास है। उस पर से महामारी के इस दौर के बाद बड़ी संख्या में मौजूद सीएपीएफ कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करना केंद्र सरकार के लिए चिंताजनक है। ये तर्क मेरे लिए नहीं है यह वो तथ्य हैं जिनके आधार पर सरकार सुप्रीम कोर्ट में ओपीएस लागू ना किए जाने के लिए अपनी दलील पेश कर सकती है। इससे स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट ऑफिस पर फैसला किस तरफ झुक सकता है और इसके पक्ष में सरकार के पास क्या तर्क एवं विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि विकल्प के रूप में सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लिए ओपीएस के स्थान पर एनपीएस यानी न्यू पेंशन स्कीम को पेश किया गया था लेकिन कर्मचारियों को यह स्कीम पसंद नहीं आई क्योंकि यह इतनी बेहतर स्कीम नहीं है। फिर भी इसे बेहतरीन बना पाना सरकार के लिए उतना कठिन नहीं है जितना कि ओपीएस को लागू करना।

# कामां को जिला बनाने की विधायक ने नही उठाई आवाज, मेवात के लोगो में भारी आक्रोश

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां--कामां जिला बनाने को लेकर लाल दरवाजे पर चल रहे अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरने को 70 दिन होने पर आज तक विधायक द्वारा जिले के लिए चल रहे आंदोलन का समर्थन नहीं किए जाने से नाराज होकर मेवात के लोगो ने गॉव बिलग निवासी इसराइल उर्फ चुन्ना मेव के नेतृत्व में नगर पालिका से मुख्य बाजार होते हुए धरना स्थल लाल दरवाजा पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए विधायक के खिलाफ जताई नाराजगी मेवात क्षेत्र से आए मुस्लिम समाज के ग्रामीणों ने कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर 70 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन सांकेतिक के धरने के समर्थन में नगर पालिका से मुख्य बाजार होते हुए लाल दरवाजा पर पहुंचकर कामां को जिला बनाने की मांग का समर्थन करते हुए स्थानीय विधायक जाहिदा खान द्वारा




आज तक कामां को जिला बनाने के मुद्दे का समर्थन नहीं करने पर नाराजी जताते हुए कहा की विधायक की इस कार्यशैली से साफ जाहिर हो गया है कि विधायक जाहिदा खान नहीं चाहती है कि कामां कभी जिला बने आज जहां पूरे मेवात के लोग कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर चल रहे इस आंदोलन के समर्थन में मजबूती से खड़े हैं और हर कोई यही चाहता है कि हमारा कामां जिला बनना चाहिए लेकिन आंदोलन को 70 दिन हो जाने के बावजूद आज तक विधायक ने इस आंदोलन के समर्थन में एक शब्द तक नहीं बोला है विधायक नहीं चाहती है कि कामां कभी जिला बने और मेवात मे रहने वाले मुस्लिम समाज के लोगों को रोजगार मिले जाहिदा खान यह अच्छी तरह जानती है कि यदि कामां जिला बन गया तो इस विधानसभा का नए स्तर पर परिसीमन होगा और उसके बाद उनके परिवारवाद की राजनीति खत्म हो जाएगी और उनके परिवार का कोई व्यक्ति यहां से विधायक तो क्या कभी चुनाव जीतकर वार्ड का पार्षद भी नही बन पाएगा इसी डर से जाहिदा खान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कामां को जिला बनाने की मांग नही कर रही है लेकिन पूरे मेवात ने अब यह मन बना लिया है कि जब तक कामां जिला नहीं बन जाएगा मेवात क्षेत्र का मुस्लिम समाज चैन से बैठने वाला नहीं है मेवात का बच्चा बच्चा कामां को जिला बनाने के लिए अंत तक लड़ाई लड़ेगा। मुख्य बाजार से रैली निकालकर धरना प्रदर्शन कर कामां को जिला बनाने की मांग करने वालों में रत्ती ठेकेदार,इकबाल,जलेब मेंबर,नूर मोहम्मद वैधजी,इलियास,नुरु,शेर मोहम्मद,जाकिर,इसलुफ,ताहिर,अन्नान ,रमजान,अल्ली, मैहमूदा,आमीन रशीदा शाकिर,जुनैद,हाजी जोधा,अयूब सहित काफी संख्या में मेवात के लोग मौजूद थे।

# इन्द्रा हैप्पी स्कूल में लगेगा गणतंत्र मेला, मेघावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान व रंगारंग कार्यक्रम

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल । सहशैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इन्द्रा हैप्पी स्कूल खैरथल में 26 जनवरी को गणतंत्र मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 21 स्टाल लगाई जाएंगी जिसको लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। संस्था निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि मेले में गणतंत्र दिवस पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अतिरिक्त मेघावी



विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सम्मानित किया जाएगा जिसमें ग्रामीण ओलंपिक खेलों में उपखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा देवांगी लालवानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थापिका श्रीमती इंदिरा पाल खुराना व प्रिंसीपल डॉ ज्योति खुराना के निर्देशन व गर्वी के संचालन में मेले में होने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मदर चाइल्ड डांस व बुग्गी बुग्गी मुख्य आकर्षण रहेगा। जबकि आगंतुकों के लिए भी 101 लक्की ड्रा इनाम दिए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के डीह में आज युवा भविष्य दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा नेता संजय यादव ने रिबन काटकर किया

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

विकास खंड डीह के ग्राम सभा रेवरी सैदपुर में 22 जनवरी दिन रविवार को



युवा भविष्य दौड़ प्रतियोगिता चंद्र प्रकाश, विमल सिंह,अंकित यादव व मिथलेश सभी के सहयोग द्वारा आयोजित किया गया तथा युवा भविष्य दौड़ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सपा नेता संजय यादव (संजू) ने रिबन काटकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया इस दौड़ प्रतियोगिता में काफी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया दौड़ प्रतियोगिता 1600 मीटर आयोजित की गयी जिसमे दौड़ में प्रथम आने वाले युवा को सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी डीह प्रथम संजय यादव (संजू) ने रेंजर साइकिल से पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की इस मौके पर चंद्र प्रकाश, विमल सिंह, अंकित यादव, विनोद,मिथलेश व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

## भाजपा अलवर जिला अध्यक्ष ,उत्तर, उम्मेद सिंह भाया का स्वागत समारोह

**मरुधर विशेष /जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। विधानसभा के ग्राम श्रीकृष्ण नगर में इन्द्र फार्म हाउस पर भाजपा



नेता इन्द्र यादव के नेतृत्व मे अलवर उत्तर के नव निर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष उम्मेद भाया जी का साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मुंडावर मंडल अध्यक्ष विजय सावरीया, सुरेश यादव,जिला मंत्री चेतन तनवानी,यूवा नेता धर्मेन्द्र यादव,जयपाल मऊ,नीरज शर्मा,भीमराज यादव,घनश्याम एमपीएस प्रतिनिधि,सचिन गुर्जर, सुरेन्द्र जांगिड़,जयप्रकाश,हरीश मऊ, मोहरसिंहयादव,रामावतार ,मूलचंद ,रामनिवास कैप्टन, सुंडाराम ,मोहित टाइगर, अखिलेश, गोलू पहलवान,सुमित एवम समस्त भाजपा कार्यकर्ता व श्री कृष्ण नगर वासी उपसिस्थ रहे।

## किशनगढ़बास के संदीप व राहुल पहलवान ने दिल्ली में फहराया जीत का परचम

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

किशनगढ़बास । दिल्ली में आयोजित 2023 ओपन मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डग कंपीटिशन में किशनगढ़बास के गांव बासड़ा निवासी संदीप



सांवरिया व राहुल सांवरिया ने सफलता के ऐसे झंडे गाड़ दिखाये कि लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। भीम सेना जिला अध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि किशनगढ़ बास के छोटे से बासड़ा गांव में गरीब परिवार के युवकों राहुल सांवरिया ने जहां 72 किलो वैट कैटेगरी में तीसरी पोजीशन हासिल की वहीं संदीप सांवरिया ने 52 किलो वैट कैटेगरी में तीसरी पोजीशन हासिल कर जीत का फहराया परचम। दोनों पहलवानों के यहां पहुंचने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे लोग उनके स्वागत और अभिनंदन के लिए उमड़ पड़े। युवाओं ने उन्हें कंधों पर उठा कर खुशी का इजहार किया एवं मीठा मुंह कराया।

## रेसटा अलवर जिला कार्यकारिणी की गठित

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल । एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसियेशन रेसटा की जिला कार्यकारिणी चुनाव के लिए एक बैठक का आयोजन राजकीय उच्च



प्राथमिक विद्यालय अगवानी (खैरथल) में किया गया। निर्वाचन अधिकारी प्रदेश मीडिया चेयरपर्सन राजीव चौधरी ने बताया की जिला कार्यकारिणी चुनाव में संघ से जुड़े सभी शिक्षक बंधुओं ने भाग लिया। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद व प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से चुनाव करवाए गए। ज़िला अध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र सिंह जाट को र्निविरोध निर्वाचित किया गया। वहीं अनूप यादव जिला संरक्षक, निहाल सिंह जिला उपाध्यक्ष, ईश्वर सिंह जिला कोषाध्यक्ष, अमरनाथ शर्मा जिला महामंत्री, नरेश शर्मा जिला महासचिव, विक्रम सोनी जिला सचिव, हवासिंह जिला प्रवक्ता, विजय सिंह यादव जिला संगठन मंत्री, देवीलाल जिला प्रचार मंत्री, मंजू सैनी जिला महिला मंत्री, मुकेश कुमार जिला प्रबोधक प्रतिनिधी, राजेन्द्र कुमार सैनी जिला शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में र्निविरोध निर्वाचित किए गए। कार्यक्रम के अंत में निर्वाचन अधिकारी प्रदेश मीडिया चेयरपर्सन राजीव चौधरी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी साथ ही संघ व शिक्षक हित में कार्य करने को कहा।

## नहर का पानी बदलेगा मुंडावर की तस्वीरः रोहिताश चौधरी

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर (22 जनवरी) मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में घट ते जल स्तर और बंजर होते खेत के दर्द को समझते हुए पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी ग्राम वासियों को 6 फरवरी को मुंडावर में आने का न्योता देते हुए कहा कि मुंडावर में नहर की मांग पूरी होने से मुंडावर की दिशा और दशा बदलेगी और इस से मुंडावर का भविष्य तय होगा विदित रहे कि रोहताश चौधरी के



नेतृत्व में नहर के लिए गांव गांव, ढाणी ढाणी में पद यात्रा की गई थी । पद यात्रा की माननीय भंवर जितेंद्र सिंह ने सराहना करते हुए माननीय मुख्य मंत्री के सामने पुरजोर मांग रखी थी इस से मुंडावर के किसानों में नहर की उम्मीद जगी है।अब बजट से पूर्व नहर की मांग को मजबूती प्रदान करने के लिए 06 फरवरी को पूर्व सांसद युवरानी महेंद्रा कुमारी के जन्म दिवस पर मुंडावर पंचायत समिति के प्रांगण में विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। सभा को सफल बनाने के लिए रोहिताश्व चौधरी, अखिलेश कौशिक एडवोकेट, रामावतार चौधरी , राजेंद्र मोहम्मदपुर, गोकल लंबरदार, राजू खटीक, संतराम शर्मा,ताहिर खान, रमेश सैन, मोहित जिंदल, मुबीन, तेजपाल ने आज शनिवार को चांदपुर, सुरजपुरा,मऊ, मुड़ियाखेड़ा, नयागांव, सरुप सराय, करनी कोट, मुंडांवाड खुर्द, जाट बहरोड़, सनोली, भूनगड़ा अहीर, खोहरी आदि गांवो में तूफानी दौरा कर ग्रामीणों को रैली में पहुंचने के लिए निवेदन कर पीले चावल बाटे । इस दौरान ग्रामीणों ने रैली में पहुंचने के लिए अपने कुल देवता की शपथ लेकर घरपति आने का भरोसा दिया।

## तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर सम्पन्न हुई

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

बहरोड़ ।अध्यात्मिक सदगुरु ओशो के परिनिर्वाण पर ओशो वाटिका ध्यान केन्द्र में तीन दिवसीय ध्यान साधना शिविर रविवार सायं सम्पन्न हुआ। उत्तराखण्ड के रूड़की निवार्णा आश्रम से आये स्वामी सागर ने शिविर का संचालन किया । इस दौरान स्वामी सागर ने बताया कि जीवन में काम के



बौझ से बौध्दिक वर्ग दबा जा रहा है वहीं युवा पीढ़ी जो जोश व शक्ति से लबरेज है पर सही दिशा नहीं मिलने से युवा शक्ति राह भटक जाती है युवा किस तरह अपनी शक्ति को सकारात्मक दिशा में ले जाकर नये परिणाम ला सकते हैं इस पर ध्यान के माध्यम से बदलाव ला सकते हैं जिस पर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान शिविर में जिक्र ध्यान,मिटिग योवर सेल्फ, सिक्रेट अर्थ ध्यान, सर्चिंग योवर सेल्फ व सक्रिय ध्यान, कुण्डलिनी ध्यान, संध्या संत्संग ध्यान विधियां करवायी गई। शिविर में स्वामी आत्मोनेत्र, प्राचार्य मेहताब सिंह चौधरी, प्रर्वतन निदेशक विनोद कुमार जुनेजा, संतोष आनंद, अनिता यादव, टीवीएम स्कूल निदेशक मुकेश सैनी, केके यादव, दीक्षा गुप्ता, सुरेश यादव होटल हाईवे एक्सप्रेस निदेशक वीरेन्द्र यादव सहित अलवर, नारनौल, अजमेर ,नसीराबाद, थानागाजी सहित आसपास के साधक मौजूद रहें।

## उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में एक हफ्ते में उखड़ गई नवनिर्मित सड़क, जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य



स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र में एक हफ्ते में उखड़ गई नवनिर्मित सड़क जिम्मेदार अधिकारी बेखबरजगदीशपुर अमेठी। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते एक ही हफ्ते में नवनिर्मित सड़क उखड़ कर गिट्टियां तितर बितर हो गई आलाधिकारी बेखबर है विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्रामसभा टांडा के कटरा से गोसाईं का पुरवा जाने वाली सड़क जो गत सप्ताह पीडब्लू डी विभाग द्वारा बना कर तैयार की गई थी मानक के विपरीत घटिया समाग्री द्वारा निर्मित सड़क एक सप्ताह तक भी नहीं टिक सकी गिट्टियां उखड़ कर सड़क गड्ढों में तब्दील होती जा रही है, स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि कमीशन के खेल में बनाई गई सड़क की दुर्दशा के लिए क्या जिम्मेदार अधिकारियों को देखने की फुर्सत नहीं है यदि इसकी जांच करके दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही ना हुई तो स्थानीय जनता सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होगी।

## शिकायत के बाद नहीं हुई दलालों पर कार्यवाही अगर सोती रही बछरावां पुलिस तो हो सकती है दलित की हत्या

मरुधर विशेष /संवाददाता रमेश पटेल



उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के अंतर्गत बछरावां जहां एक और कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार सख्त है और वहीं दूसरी तरफ जमीन के दलालों और दबंगों द्वारा दलितों उत्पीड़न थमने का नाम नहीं ले रहा है मामला ग्राम सभा बिशुनपुर के मजरे बगाही का है शिकायतकर्ता सचिन पुत्र स्वर्गीय रामफेर पासी ने एक सप्ताह पूर्व दलालों द्वारा धमकाने और जान से मारने की धमकी के खिलाफ बछरावां थाने में लिखित शिकायत की लेकिन बछरावां पुलिस ने मामले को संज्ञान में नहीं लिया और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। वही शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हमारे गांव के ग्राम पंचायत मित्र सत्य प्रकाश शुक्ला और पहुंरावा गांव के अमर द्वारा मुझे धमकाया जा रहा है और कहा जाता है कि अगर हमने जो पट्टे की जमीन बेचवाई है अगर उसके खिलाफ कोई कार्यवाही करोगे तो तुमको जिस बंगले में रहते हो उस में जिंदा जला देंगे जिसकी शिकायत सचिन ने थाना बछरावां और पुलिस अधीक्षक रायबरेली को जरिए रजिस्ट्री शिकायत किया है वहीं शिकायत के एक सप्ताह बीत जाने के बाद कार्यवाही ना होने पर जमीन के दलाल धमकी लगातार दे रहे हैं अगर इसी तरह इन दलालों पर अगर कार्यवाही नहीं हुई तो इस दलित की जान भी जा सकती है अब देखना है कि बछरावां पुलिस कोई कार्यवाही इन दलालों पर करती है या नहीं की हत्या का इंतजार करेगी कि दलित की हत्या हो तब कोई कार्यवाही शुरू की जाए।

## श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट और शेखावटी हॉस्पिटल विद्याधर नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पक्षी बचाओ अभियान

मरूधर विशेष/विष्णु यादव



श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट और शेखावटी हॉस्पिटल विद्याधर नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पक्षी बचाओ अभियान के तहत मकर सक्रांति पर मांजे से घायल पक्षियों की देखरेख और उनके इलाज के लिए श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा विद्याधर नगर मंदिर मोड़ सर्किल पर घायल पक्षी चिकित्सालय केंद्र बनाया गया जिसका उद्घाटन सीताराम जी अग्रवाल जनसेवक विद्याधर नगर विधानसभा, डॉक्टर सर्वेश जोशी, डॉ एस पी यादव, पार्षद प्रदीप तिवारी वार्ड नंबर 22 जयपुर ग्रेटर के द्वारा किया गया और हमारे अतिथि मुनेश चौधरी ,अनिल पारीक, केशव उदय, ताराचंद, रामचंद्र वर्मा, डॉक्टर योगिता यादव, संस्थापक अध्यक्ष विष्णु यादव, भानु प्रताप, तुलसी सोनी, सुभाष यादव, आदित्य ,दीपक टेलर, हर्ष ट्रेलर, आलोक यादव ,मनस्वी और विनोद उपस्थित रहे और संस्था उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि संस्था न केवल मकर सक्रांति पर पक्षी बचाओ अभियान चलाती है बल्कि यह संस्था 365 दिन बेसहारा घायल पशु पक्षियों का निशुल्क इलाज भी करती है ।

## बानसूर में विशाल दंगल प्रतियोगिता आयोजित

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा



बानसूर - उपखंड के बास शेखावत में जमनादास सेवा समिति की ओर से प्रथम महिला और पुरुष विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय पहलवानों के अलावा कोटपुतली, प्रागपुरा, मुंडावर सहित आसपास की तहसीलों से आए हुए पहलवानों ने अपना दमखम दिखा कर उपस्थित हजारों की तादाद में लोगों का दिल जीत लिया। जिसमें प्रमुख रुप से महिला पहलवानों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कोटपुतली से आई महिला पहलवान सोनम ने अपने फुतीर्ले अंदाज से लोगों को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। कोच कृष्ण जाट ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास की तहसीलों से महिला और पुरुषों की 11 टीमों ने भाग लिया । जिसमें महिला प्रथम मैच में कोटपुतली की सोनम विजेता रहीं। वहीं उन्होंने बताया कि महिला वर्ग में 35 से 55 किलों और पुरुष वर्ग में 25 से 60 किलों खिलाड़ियों की प्रतियोगित करवाई गई। वहीं उन्होंने बताया कि फाइनल मैच में प्रथम और दुसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को समिती की ओर से नगद रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इस दौरान आयोजनकर्ता जमनादास सेवा समिति के सदस्य और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गौ माता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य

मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी



मुंडावर । समीपवर्ती बाबा मनीराम गौशाला चिरूनी बस स्टैंड पर रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनीता महेश गुप्ता प्रधान पंचायत समिति मुंडावर ने की । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कविता यादव, ललित यादव इंदर यादव , शम्मी चौधरी पूर्व प्रधान, जसाई सरपंच वीरेंद्र शर्मा,दीपाली सरपंच, रामसिंह यादव करणीकोट रहे । इस मौके पर ललित यादव ने कहा कि गोवंश को बचाना हमारा परम धर्म है इंद यादव ने कहा की हिंदू संस्कृति में भी गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना है । सुनीता महेश प्रधान ने कहा की गौ सेवा करने से व्यक्ति सत्य कर्म तो करता ही है बल्कि मनुष्य को सद्बुद्धि भी मिलती है । गौशाला में आए अतिथियों का सम्मान गौशाला कमेटी की ओर से किया गया । वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों ने दिल खोलकर गौ माता के लिए दान किया । कार्यक्रम में धार्मिक भजनो का गुणगान सुरेश गोला, दीपा पूर्व, मनु तवर, गीता चौधरी एंड पार्टी ने किया

## उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डीह शिव दर्शन पासी के नेतृत्व में बांटे गए कम्बल

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य



ब्लॉक डीह के न्याय पंचायत खेतौन्धन व न्याय पंचायत मऊ में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डीह शिव दर्शन पासी के नेतृत्व में राहुल गांधी जी के द्वारा भेजे गए कंबलो को जरूरत मंद लोगों को वितरित किया गया ठंड से बचाव के लिए लगातार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र में जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरित कर रहे हैं इसी क्रम में रविवार को न्याय पंचायत खेतौन्धन व न्याय पंचायत मऊ में जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरित किये गए इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डीह शिव दर्शन पासी, न्याय पंचायत अध्यक्ष मऊ विनोद गुप्ता व न्याय पंचायत अध्यक्ष खेतौन्धन खुशी मौजूद रहे

# तिजारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल हींगवाहेडा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल हींगवाहेड़ा में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2023 बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान जयप्रकाश यादव तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रेम बहादुर सिंह, कृषि उपज मंडी वाइस चेयरमैन जयप्रकाश यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरीश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन कमलेश सैनी स्थानीय सरपंच सुरेश सतीश चौधरी रहे ।मुख्य अतिथि के प्रतिनिधि के रुप में पधारे मनोज यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। 10वीं व 12वीं बोर्ड टॉपर्स तथा सह शैक्षिक




गतिविधियों में स्कूल व ब्लॉक तिजारा का जिला में राज्य स्तर पर नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं व भामाशाहों का सम्मान किया गया विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी गुजराती मराठी पंजाबी व हरियाणवी भारतीय संस्कृति के नृत्य नाटक तथा गीत आदि प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि तथा अध्यक्षता कर रहे प्रधान जयप्रकाश यादव ने स्कूल के परीक्षा परिणाम तथा सहशैक्षिक गतिविधियों में उपलब्धियों हेतु स्कूल स्टाफ की प्रशंसा की । विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रेम बहादुर सिंह ने छात्रों को लक्ष्य बनाकर मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। मॉडल स्कूल शिक्षकों ने मुख्य अतिथि को शिक्षकों का विद्यालय समय कम करने तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 10% प्रोत्साहन भत्ता तथा प्रतिनियुक्ति के बाद इच्छित स्थान पर पदस्थापन के लिए मांग पत्र सौंपा। मंच संचालन शिक्षक महेंद्र सिंह बर्मन ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह व राजेश यादव, सरपंच रतीराम,सुभाष यादव, उपप्रधानाचार्य कृष्ण कुमार, पूर्व सरपंच नरेश, चिरंजीलाल, जनप्रतिनिधि, भामाशाह व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में रिक्त पदो एवं बिजली की कमी से प्रभावित हो रही है पढाई, परेशान हो रहे है पीईईओ

मरुधर विशेष फलोदी। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा फलोदी ने रविवार को मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने तथा बिजली आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य सरकारी फरमानों के चलते टेंशन में कार्य कर रहे है, जिसके कारण ग्रामीण स्कूलों के विधार्थी शिक्षण कार्य से वंचित हो रहे है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश मंत्री अरुण कुमार व्यास एवं जिलाध्यक्ष मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि फलोदी पंचायत समिति के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 33 प्रारंभिक पचायत शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) स्कूल है, इन 33 पीईईओ स्कूलों में से मात्र 9 में ही प्रधानाचार्य कार्यरत है, बाकी स्कूलों में पद रिक्त पड़े है, जिसके कारण इन स्कूलों में कार्यरत व्याख्याता या वरिष्ठ अध्यापक को प्रधानाचार्य का अतिरिक्त दायित्व निभाना पड़ रहा है। प्रतिदिन शिक्षा

> राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा फलोदी ने रविवार को मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने तथा बिजली आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य सरकारी फरमानों के चलते टेंशन में कार्य कर रहे है, जिसके कारण ग्रामीण स्कूलों के विधार्थी शिक्षण कार्य से वंचित हो रहे है।

विभाग के ऑनलाइन कार्य व्याख्याता एवं अन्य शिक्षक करेंगे तो विधार्थियों को पढायेगा कौन ? इसके साथ ही इन स्कूलों में तृतीय श्रेणी कर्मचारी भी नही है, जिसके चलते स्कूलों की साफ - सफाई की चिंता भी शिक्षकों को रहती है।

### यह कार्य करने होते हैं ऑनलाइन

सरकारी आदेशानुसार विधार्थियों से स्कूलों में सफाई कार्य नही करवाया जा सकता है, कई ऐसी पीईईओ स्कूले भी है जहां पर एलडीसी भी नियुक्त नही है, जिसके कारण शिक्षकों की सर्विस बुक, वेतन बिल, जीपीएफ एवं राज्य बीमा की डायरी भी बकाया पड़ी है, यह कार्य भी प्रधानाचार्य को करना पड़ रहा है, इसलिये एलडीसी के रिक्त पदों को भरा जाना बहुत ही जरूरी है। शिक्षक नेता व्यास ने बताया कि राजकीय पीईईओ स्कूलों को अध्यापक एवं छात्र उपस्थिति, विधार्थियों को यूनिफार्म वितरण, अभिभावक बैठके, सिलाई की राशि, छात्रवृति, ट्रांसपोर्ट राशि, परीक्षा परिणाम, आठवी एवं पांचवी बोर्ड फॉर्म, आधार नंबर आदि कार्य ऑनलाइन करने पड़ते है। ग्रामीण स्कूलों में बिजली की सुचारु आपूर्ति नही होने से दिक्कत होती है, ग्रामीण क्षेत्रों में एक छोटा सा फाल्ट होने पर भी कई घंटो तक विधुत सप्लाई बंद रहती है। ऐसे में प्रतिदिन ऑनलाइन सूचना के लिये शिक्षको के हाथ पैर फूल जाते है, तब शिक्षकों को अपने मोबाइल से अन्य जगह जाकर यह कार्य करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिये ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पीईईओ स्कूलों में अलग से 24 घंटे आपूर्ति वाली विधुत लाइन बिछाकर बिजली दी जायें ताकि कार्य में परेशानी नही होवें।

# अलवर एसपी ने बहतुकला थानाप्रभारी हनुमान सहाय को गौरव श्री अवार्ड से किया सम्मानित

### कठूमर थाने के कांस्टेबल विष्णु गुर्जर,अमरचंद व खेड़ली थाने से श्यामसिंह को भी किया सम्मानित

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी

कठूमर। अलवर मोती डूंगरी स्थित पुलिस अन्वेषण भवन में एसपी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों का सम्मान किया गया है। जानकारी के अनुसार अलवर मोती डूंगरी स्थित पुलिस अन्वेषण भवन में शनिवार को वर्ष 2022 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों का पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मान समारोह किया




गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसपी तेजस्विनी गौतम ने अलवर पूरे जिले में कार्यरत 40 पुलिस अधिकारी व जवानों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसा पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया एसपी ने कहा कि बड़ी घटना के खुलासे परिवादिओ के साथ बेहतर व्यवहार, मालखाना,डिस्पोजल बड़ी वारदातों के खुलासे के लिए पुलिस के 40 अधिकारी व जवानो को गौरव श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है जिसमें जवान से लेकर एसपी श्रेणी के पुलिसकर्मी सम्मानित किए गए हैं इसके अलावा 9 से 15 साल के सेवाकाल में अतिउत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस मुख्यालय की तरफ से पुलिसकर्मियों का सम्मान किया गया है।वही कठूमर क्षेत्र से बहतुकला थाना प्रभारी हनुमान सहाय को थाना क्षेत्र में अतिउत्कृष्ट कार्य करने पर गौरव श्री अवार्ड से सम्मानित किया तथा कठूमर थाने के कांस्टेबल विष्णु गुर्जर और अमरचंद एवं खेड़ली थाने के कांस्टेबल श्याम सिंह को भी सेवा सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जिला सहकारी बैंक,की सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न

मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी जिला सहकारी बैंक अमेठी एवं सुल्तानपुर की सामान्य निकाय की बैठक पण्डित राम नरेश त्रिपाठी सभागार सुल्तानपुर में विजय मिश्र अध्यक्ष सहकारी बैंक की अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि - सीताराम वर्मा-विधायक, लंभुआ, सुल्तानपुर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में शैलेंद्र प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य एवं रामचंद्र मिश्र सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक में बैंक के 3 साल के क्रियाकलापों व विकास , आय - व्यय एवम अग्रिम कार्ययोजना की पूर्ण जानकारी सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलिंद द्वारा दी गई। बैठक में जनपद अमेठी एवम सुल्तानपुर के डायरेक्टर व समितियों के अध्यक्ष, सचिव व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। राम चन्द्र मिश्र ने बताया, सहकारिता विभाग को अब यशस्वी गृह मंत्री



माननीय अमित शाह जी ने अपने हाथ में ले लिया है जिससे सहकारिता में नई क्रान्ति के साथ अमूल -चूल परिवर्तन होने जा रहा है, सभी समितियों पर एक चौकीदार व एक कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की जायेगी, सभी किसानों व शिक्षकों को बहुत सुविधाएं मिलेंगी। धीरेन्द्र प्रताप सिंह - अध्यक्ष ने मांग किया कि शिक्षकों को अब तक कुल वेतन का 15 गुना ऋण देने की ऋण सुविधा उपलब्ध है, नवीन आदेशों के क्रम में मास अप्रैल 2023 से ऋण सीमा कुल वेतन का 25 गुना हो जायेगी, इसलिए सोसाइटी को पर्याप्त धन की व्यवस्था की जाय, जिससे शिक्षकों को ऋण वितरण में कोई असुविधा न हो। सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय मिश्र आए हुए अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। बैठक में हरेंद्र प्रताप सिंह - ए आर,अमेठी,विजय कुमार - उप महा प्रबन्धक, सुनील वर्मा - चुनाव संयोजक, हौसिला प्रसाद सिंह - उपाध्यक्ष,सुनीता पाण्डेय, रमा कांत मौर्य -सचिव, विनय त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह शाखा प्रबंधक,श्रीराम सोनी, शीतला प्रसाद सिंह, सतीश कुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## डिस्कॉम दे रहा है बिजली उपभोक्ताओं को छूट

मरुधर विशेष फलोदी। राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार समस्त बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल भरने पर नियमानुसार छूट दी जा रही है। डिस्कॉम फलोदी के सहायक अभियंता हनुमानराम चौधरी ने बताया कि सभी श्रेणियो में जिन उपभोक्ताओ के 31दिसम्बर 2022 से पहले कटे हुये तथा कृषि के चालू कनेक्शनों पर 31 मार्च 2023 से पहले समस्त बकाया राशि जमा करवाने पर शत- प्रतिशत ब्याज की छूट प्रदान की जा रही है, यह छूट उन्हें ही मिलेगी जिन्होंने पिछले 3 वर्षों में छूट का लाभ नही लिया है, साथ ही कृषि कनेक्शनों में किसान ऊर्जा मित्र योजना भी अप्रैल 2022 से लागू है जिसमें प्रतिमाह 1 हजार रुपये मिलते है, इसमें भी एकमुश्त जमा करवाने पर अप्रैल से अब तक 10 माह यानी 10 हजार रुपये का लाभ एक साथ आगामी बिलों में समायोजित किया जायेगा। साथ ही जिन कृषि उपभोक्ताओं के कुएं में पानी गहरा हो गया तथा उन्होंने अपने कुएं पर बड़ी मोटर लगा दी है, उनको सरकार ने छूट दी है, किसान केवल लोड बढ़ाने हेतु प्रति हार्स पॉवर 30 रुपये डिस्कॉम कार्यालय में जमा करवा कर लोड बढ़ा सकते है। यह जानकारी डिस्कॉम फलोदी के अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक करणसिंह राजपुरोहित ने दी है।

## राज्यमंत्री गेदर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढेलाणा में कुम्हारों की ढाणी में रविवार को शिल्प एवं माटी कला बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) डूंगरराम गेदर का साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी एडवोकेट इंद्राराम प्रजापत, सरपंच प्रकाश प्रजापत, केश कला बोर्ड के सदस्य आनंद प्रकाश सैन एवं समाज सेवी दिलीप बागोरिया सहित अन्य समाज के कई गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित थे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये राज्य मंत्री डूंगरराम गेदर ने समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिये उच्च शिक्षा को जरूरी बताया। आपने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी की जानकारी देते हुये इनसे लाभान्वित होने तथा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विभिन्न जन समस्याओं से राज्य मंत्री गेदर को अवगत करवाया।



## पदोन्नत होने पर पटवारी विश्नोई का किया अभिनंदन

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत ननेऊ में 3 वर्ष तक नियमित रुप से पटवारी के पद सेवाएं देने एवं सेवायें देने तथा पटवारी पद से पदोन्नत होकर भू अभिलेख निरीक्षक बनने पर रविवार को हड़मानाराम विश्नोई का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत करते हुये भावभीनी विदाई दी। राजीव गांधी सेवा केंद्र ननेऊ में सरपंच मोहम्मद अली की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अब्दुल कलाम मेहर, सुगनसिंह, उगमसिंह, उप सरपंच पदमसिंह, बाबूराम विश्नोई, भंवरलाल विश्नोई, मनीष साहू, मुफ्ती अब्दुल वहाब, हाजी नसरदीन, रशीद टेलर, प्रकाश प्रजापत, रूपाराम, मोहम्मद आलम, अब्दुल मजीद, मोहम्मद रफीक, नेनाराम, उमर सखी, रऊफ खान, जेठाराम मेघवाल एवं अख्तर हुसैन सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये सरपंच मोहम्मद अली मेहर ने पटवारी हड़मानाराम विश्नोई द्वारा विभाग में किये गये गये उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में पटवारी हड़मानाराम विश्नोई ने सहयोग के लिये सभी का आभार व्यक्त किया।



## नजांगिड़ समाज की नव गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा अलवर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रॉयल चैंबर सोडावास में रविवार को आयोजित हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय प्रधान रामपाल जांगिड़, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष संजय हर्षवाल, जिला अध्यक्ष रतनलाल जांगिड़ ने राष्ट्रीय ध्वज फराकर भगवान श्री विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान राष्ट्रीय प्रधान ने कहा कि युवा ही समाज की रीढ़ की हड्डी है। युवाओं के बिना समाज अधूरा है। समाज के युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय प्रधान ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रतनलाल जांगिड़ की पूरी टीम को शपथ दिलाई। इस दौरान रतनलाल ने कहा कि महिला उत्थान को लेकर अलग-अलग योजनाएं बनाकर लाभ दिया जाएगा। इस दौरान संजय हर्षवाल प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, सांवरमल जांगिड़ महामंत्री, पूर्व जिला अध्यक्ष मदनलाल जांगिड़ रोहतास जांगिड़ स्टेट कोऑर्डिनेटर ओबीसी राजस्थान सरकार,खुशीराम जांगिड़ प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा, सत्यनारायण जांगिड़ कोषाध्यक्ष महासभा, नवीन कुमार जांगिड़ युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजस्थान, गजानंद जांगिड़ उच्च स्तरीय कमेटी, अशोक कुमार जांगिड़ वरिष्ठ उपप्रधान, गंगादीन जांगिड़ अध्यक्ष विश्वकर्मा मंदिर दिल्ली, रोहिताश जांगिड़ जयपुर, ओमप्रकाश जांगिड़ उपप्रधान पालम, लीलाराम जांगिड़ राष्ट्रीय प्रधान, बहरोड़ तहसील अध्यक्ष रमेश चंद जांगिड़, ज्ञानचंद प्रधान धारूहेड़ा ,चंद्रपाल भारद्वाज दिल्ली, फुलचंद जांगिड़ भामाशाह, महेंद जांगिड़ ,राधेश्याम जांगिड़ सोडावास, उपेन्द जांगिड़, कन्हैयालाल मनोज जांगिड़, राधेश्याम चिरूनी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महेश जांगिड़,कार्यक्रम का मंच संचालन चंद्रपाल भारद्वाज व मक्खन लाल जांगिड़ के द्वारा किया गया।



## रा उ प्रा वि सुन्दरवाड़ी में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह मनाया

मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी

मुंडावर। राजकीय उच्च उच्च प्राथमिक विद्यालय सुंदरवाद्दि में वार्षिक उत्सव भामाशाह समारोह मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अमरनाथ शर्मा ने की । मुख्य अतिथि सरपंच संदीप चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि ढएएड कर्ण सिंह रहे । कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को रोमांचित किया। इसी दिन शाला में मेगा शिक्षक अभिभावक बैठक भी आयोजित की गई। इस अवसर पर योगेश शर्मा, धर्मपाल नेताजी, हुकम सूबेदार, भरत सिंह,शेरसिंह, रामनिवास ,शीशराम, दयाराम ,रामजीलाल उपसरपंच, रामावतार उच्च प्राथमिक विद्यालय सुंदरवादी में वार्षिक उत्सव में भामाशाह समारोह मनाया गया ।



## प्रतापगढ़ की होनहार बिटिया गायत्री देवी के समीक्षा अधिकारी पद पर चयन होने से गांव में खुशी की लहर

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, 22 जनवरी 2023। प्रतापगढ़ की होनहार बिटिया गायत्री देवी का चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। गायत्री देवी के समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन होने की जानकारी मिलते ही गांव में लोग खुशी से झूम उठे। गायत्री देवी जिले के गोलाही गांव की रहने वाली है। पिता हरि मंगल किसान है। दादा श्यामलाल के गायत्री देवी के समीक्षा अधिकारी बनने पर बेहद खुश हैं। गायत्री देवी लखनऊ में सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के रूप में काम करेगी।



Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256